तनहाई के सबक़

हकीम मौ॰ अशरफ़ अली अमरोहवी

इस किताब में इन्तहाई कीमती राज़ बे इन्तहाई मुफीद और बहुत जरूरी मालूमात जो कि दुनिया भर के हर इंसान के लिये है निहायत आसान जुबान में बयान की गई है।

नाम किताब : तन्हाई के सबक

कीमत :

तादाद किताब : 1100

पेज 106

फहरिस्त

तन्हाई के सबक

उनवान	सफा
	106

हमारी तमाम कुतब होलसेल लेने वालों के लिये खसूसी रिआयत के साथ दस्तयाब है। जरुरत पड़ने पर हमसे राबता फरमा सकते है।

بسم الله الرحمن الرحيم
نحمه وصلي على رسوله الكريم الحمد لله كثيراً طيباً مباركاً فيه.

तमाम किस्म की तारीफें अल्लाह तआला के लिए ही लायक हैं, और वही हर खूबी का सही मुस्तहिक है। अल्लाह की बे शुमार रहमते कामिला ताम्मा नाज़िल हों और नाज़िल होती रहें नबियों पर खास तौर पर जनाब मुहम्मद रसूल अल्लाह स०अ०व० खातिमुल अम्बिया वल मुरसलीन पर।

हम्द व सलात के बाद ये नाकारा मुहम्मद अशरफ अमरोहवी अर्ज करता है कि कुछ जरूरी और इन्तेहाई ज़रूरी मुफीद और इन्तेहाई मुफ़ीद सबक व कारआमद बातें उम्मते मुहम्मदिया स०अ०व० के सामने पेश करूं, ज़िन्दगी का कोई भरोसा नहीं कि अपना इल्म अपने साथ कब्र में चला जाये, इल्म वही अच्छा जिस से खुद भी फ़ैज़ उठाया जाये और लोगों को भी फ़ैज़ पहुंचाया जाये, इसी नियत से ये तीसरी किताब है जिसके अन्दर ये "पोशीदा राज़" किताब से भी कीमती मख़सूस उमूर हैं किसी को सुनाने की चीज़ नहीं है बल्कि हर पढ़ा लिखा इन्सान इस को इन्तेहाई में पढ़ कर अपने घरेलू इख़्तलाफ़ात जो आम तौर पर जौजेन के दर्मियान पेश आते रहते हैं और वहां ज़बान को खोलना मुश्किल होता है और उनके हल इसमें पेश किये गये हैं और इस किताब का नाम "तन्हाई के सबक" रखता

हूं। चूंकि ये मजमे में पढ़ने की चीज़ नहीं है. जिसको पढ़कर आप खुद भी अन्दाजा लगायेंगे और जो बात समझ में न आये इसको आप जवाबी खत के जरिया मालूम कर सकते हैं।

ज़िन्दगी की बहारें

इन्सान की जिन्दगी के चार जमाने हैं। पैदाईश के दिन से ग्यारह साल की उमर तक बचपन का ज़माना कहलाता है। इसमें खाने पीने खेल कूद के अलावा और किसी तरफ तबीयत ज्यादा राग़िब व माईल नहीं होती। बारह साल से अठारह साल तक जवानी का जमाना जाना जाता है। इस उमर में तबीयत और मिज़ाज मुबाशरत की लज़्ज़त की तरफ और हंसी मजाक, दिल लगी, सैर व तफरीह व तमाशों की तरफ माईल होती है, लेकिन शर्म व हया भी पायी जाती है इसी बारह से अठारह साल की उमर में ही अक्सर जवान गन्दी आदतों में मुब्तला होते हैं क्योंकि इस उमर में मुबाशरत की लज़्ज़त भड़कती है और मजबूर होकर अपने हाथों से अपनी जिन्दगी के जौहर को फना करना शुरू कर देते हैं जिसकी वजह से अपने हुस्न व जमाल को बरबाद, सेहत व तन्दुरूस्त की दौलत को ख़राब अक्ल व इज़्ज़त को बालाये ताक, दोस्तों में हकीर, रिश्तेदारों में ज़लील, रंडियों से करीब होकर अपने हाल को बे हाल बल्कि बद हाल इसी उमर में बना लेते हैं।

शादी होने से पहले आतिशके सूजाक (एड्स) जिर्यान, टी वी के मरीज़ बनकर ख़ाना आबाद करने के बजाये ख़ाना बरबाद कर देते हैं। वाक़ई यही बारह से अठारह साल की उमर का ज़माना जवानी के जुनून का जमाना होता है। कहते हैं कि जवानी दीवानी होती है कि जो इन अपनी जवानी को ख़राब करके अपनी उमर के दिनों को काटा करते हैं। जब जवानी गयी तो ज़िन्दगानी गयी, जवानी का तो नाम है इसी उमर में ग़लत यार दोस्तों मे रह कर मज़े का नाम सुना और अंधे बनकर बुरी आदतों में मुब्तला हो जाते हैं फिर कुछ होश नहीं रहता आख़िर जब नशा उतरता है जब आंखें खुलती हैं फिर हकीमों, डाक्टरों के पीछे फिरते हैं और इनके ऐलान व इश्तहार

देखकर तुला (आलाए तनासुल पर लगाने की दवा) और मुकव्वी (ताक़त देने वाली) दवाओं को ख़रीद कर खाते फिरते है, कभी ताकत की खीर, कभी माजून जलाली कभी माजून जमाली, कभी माजून ख़्याली, कभी माजून नराली, कभी माजून जवानी का नुस्खा तलाश करते रहते हैं। जवानी से पहले बुढ़ापे में आ जाते हैं। ये सब कुछ बे ऐअतदाली की सज़ा होती है। दर्दे सर, बदहज़मी, आंखों में रोशनी की कमी, जलक हाथ से मनी निकालना, रगों मे कमजोरी, पुट्ठों मे ज़अफ़, ये सब मुसीबतें पीछे लग जाती हैं, देखो पोशीदा राज़....

ये जवानी का ज़माना एक बहुत कीमती ज़माना होता है, इसी उमर मे हुकूमत की नज़रों मे इज्जत होती है। इसी उमर में अल्लाह तआला की थोड़ी सी की हुई इबादत ज्यादा मकबूल व महबूब होती है, इस उमर में लोगों की नजरों मे वकार होता है इसी उमर मे हर छोटे बड़े के नजरों में मरगूब होता है, इसी उमर मे अपनी जवानी अपने आप को भी भली मालूम होती है, इसी उमर में दुनिया भी कमाई जा सकती है और आखिरत भी, देखो जिस तरह तमाम जिस्म मे आंख निहायत ज़रूरी अज़ू है इसी तरह इन्सान की मनी सबसे ज़्यादा कीमती चीज़ है। इसी के साथ पूरा जिस्म है, दिमाग़ भी है, इसी के बल बूते पर तरोताजा रहता है, दिल भी इसकी मदद से चलता है, जिगर भी इसी के भरोसा से है। अगर इन्सान ने इस उमर की हिफाजत कर ली तो हर तरह से अक्लमन्द, तन्दुरुस्त, ख़ूबसूरत बना रहता है और अगर इस की हिफाजत न की तो दिमाग़ भी ख़ाली हुआ, अक़्ल भी ठिकाने नही रहती, कोई बात याद नहीं रहती, इन्सान कमज़ोर हो जाता है, चेहरे का हुलिया ख़राब, चलने मे टांगें बेलगाम, रौनक़ का तो दूर दूर तक पता नहीं रहता, भूख मर जाती है, कोई चीज़ हज़म नहीं होती, जिस्म पीला गोया कि ऐसा लगता है कि मुंह में दांत नहीं, पेट में आंत नहीं, आंखों में नूर नहीं, रतौंद है

चकौंद है, गर्ज तमाम बदन का निजाम ढीला पड जाता है। निकाह के काबिल नही रहता। फिर अंधा होने के बाद होश की आखें खुलती है मगर फिर क्या होता है. बे ऐतबार हकीमों, तबीबों में लाखों रुपये दवा इलाज के रास्ते से चले जाते है। थोडे दिन दवाइयों के सहारे से जिन्दगी गुजार दी फिर वही नहूसत व नदामत के दिन सामने आ जाते हैं। अब रोने से क्या फ़ायदा? न रब का कसूर न क़िस्मत का कसूर। मारे शर्म के किसी के मिले भी नहीं, मां बाप की नज़रों में भी जलील बल्कि खुद अपनी नज़र में भी हकीर घर से निकलने को दिल नहीं चाहता, दवाइयों से दिल बहलाते रहते हैं।

मेरे नौजवान दोस्तों, आरजी चन्द रोज के मज़े पर लअ़नत भेजो, इतनी कीमती चीज को जाये न करो, अल्लाह तआला ने ये मनी का जौहर इसलिए अता किया है कि पहले इसको ख़ूब स्टॉक कर लो और हिफ़ाजत कर लो फिर इसके जरिये से औलाद का बीज तुख़्म डालो, इसी से औलाद बनती है, लाखों रुपये ख़र्च करके भी औलाद नहीं मिलती, औलाद सिर्फ मनी की ताक़त व कुव्वत से पैदा होती है।

औलाद की तरबियत

इसलिए बारह साल की उमर से जिन्दगी तो बहुत एहतमाम से पाकीज़गी के साथ इख़्तियार करना चाहिए।

दर जवानी तौबा करदन शेवा ए पैग़म्बर अस्त
वक़्ते पीरी गर्ग ज़ालिम मी शूद परहेज़ गार

यानी जवानी में तौबा करना नबियों का तरीक़ा है वरना बुढापे में तो ज़ालिम भेड़िया में बुज़ुर्ग हो जाता है। इसी उमर में गलत साथियों से दूर रहें, फ़िल्म, सिनेमा, नाच गानों, नंगी गन्दी तस्वीरों को देखने से पूरी तरह बचें, ग़ैर औरत और मर्दों से इजतनाब करें, यानी इनकी अपनी जवानी के बहार की मौत समझें। इस उमर में

बिस्तर भी अलग रखा जाये, ख्वाह हकीकी भाई बहन ही क्यो नह हो, शरई ऐतबार से बच्चों को सात साल की उमर से ही अलग अलग बिस्तरों पर सुलाने का हुक्म मिलता है, इसलिए कि ये उमर बड़ी नाजुक है, उनमें खैर व शर की कोई तमीज नहीं होती। वालिदेन को चाहिए कि इन पर सख्त गहरी नजर रखें कि कौन इनका दोस्त है? कहां कहां जाते हैं? जिससे दोस्ती है वह कैसी आदत व खसलत के हैं? बच्चे तन्हाई में किस तरह वक्त गुजारते हैं, बैयतुल खला (लैटरीन) में कितना वक्त लगाते हैं? हमाम व गुस्ल खाने में अपने हाथ से अपने आप को खराब तो नहीं करते? सोते वक्त क्या अमल करते हैं? वगैरह वगैरह। तमाम उमूर पर तमाम वक्तों पर कड़ी नज़र रखें।

शर्मगाह की जगह पर सफाई का ख्याल बहुत ज़रूरी है ताकि मेल कुचैल जमा न हो इससे खुजली खारिश पैदा होकर शर्मगाह से लज्जत व खेल के बहाने से आदत गन्दी न हो, बल्कि जवानों को भी शर्मगाह के मकाम को खुसूसी तौर पर साफ करते रहना चाहिए।

अगर वालिदेन औलाद को बुरी गंदी आदतों में देखें या मुब्तला होने का इशारा आता हो तो औलाद को मुहब्बत के नाते से बिल्कुल साफ साफ तरीके से समझा दें और समझाने में बिल्कुल शर्म न करें अगर वालिदेन ने औलाद को समझाने में जरा भी शर्म की तो जिन्दगी का फल फूल फलने और खिलने से पहले ही मुर्झा जायेगा फिर याद को वालिदेन भी रोयेंगे और औलाद भी रोयेगी। या अगर वालिदेन न समझा सकते हों तो चाहिए कि उस्ताजों व करम फरमाओं या दूसरों के जरिये से तम्बिया कराओ और अच्छे अख्लाक पैदा करने वाली किताबों का मुतालेआ करने को दो, नेक सालिहीन लोगों की मजलिस तक रहनुमाई करो।

19 साल से 25 साल की उमर का जमाना कामिल बालिग

जवान होने का है. इस उमर मे अख़्लाक बहादुरी पर जोश ज़्यादा होता है. औरतो से मिलने की तरफ़ तबीयत ज़्यादा माईल होती है. हर वक्त ये कैफ़ियद पैदा होती है कि हराम हलाल (औरत) जैसी भी हो इससे ख़्वाहिश पूर कर लूं, मिसरा है–

मिट्टी की भी मिले तो जायज है इस हालत में

छब्बीस साल से बत्तीस साल की उमर का जमाना बदने शिद्दत का ज़माना है। इस उमर मे मनी जिस क़दर ख़र्च होती है इससे ज़्यादा पैदा होती है अगर इस उमर मे मुबाशरत की ज़्यादती न की जाये या कोई शदीद बीमारी न हो तो तमाम उमर जवानी की ताक़त व मर्दानगी की कुव्वत कम नज़र न आये, इस उमर की औरतें की अपनी जवानी के नशे में मुबाशरत की लज़्जत की तरफ़ ज़्यादा शौक़ व रग़बत के ख्याल से बनाओ सिंगार रखती हैं। बत्तीस साल से चालीस साल की उमर भी जवानी का ज़माना जाना जाता है इस उमर में जिस क़दर मनी ख़र्च होती है इसी क़दर पैदा हो जाती है। (मगर ज़्यादा पैदा नहीं होती)

इस उमर में औरत चालीस साल की अजोज़ा हो जाती है, बदन का गोश्त ढीला पढ़ने लगता है, चेहरा की रौनक कम होने लगती है अपनी ख़्वाहिश अपने जिस्म की आराईश से करती है। चापलूसी मर्दों के साथ बहुत करती है। इस उमर के बाद मर्दो को मुबाशरत करने में लुत्फ़ ज़्यादा हासिल नहीं होता है।

पचास साल की उमर की औरत औलाद की तरबियत और घर का इन्तेज़ाम अच्छा करती है और इसके बुढ़ापे का ज़माना शुरू हो जाता है और साठ साल तक अपनी ज़िन्दगी का लुत्फ़ मुबाशरत की लज़्ज़त पूरी हो जाती है, अब औलाद के ब्याह शादियों की तरफ़ रुजहान हो जाता है. औरत पचास साल की उमर होने हैज़ बन्द होने पर औलाद की पैदाईश मुम्किन नही है अगर किसी औरत के हो

जाये तो ये कायदे के खिलाफ और कुदरत रबी का जहूर होगा हां मर्दों से सौ साल तक भी औलाद का होना साबित है।

बालिग होने की अलामतें

जैसा कि हम ने "पोशीदा राज़" किताब में लिखा है कि हर इन्सान को बालिग होने के बाद निकाह की मोहताजगी पेश आती है। बालिग होने की अलामतें ये हैं। मनी (वीर्य) निकलना नींद में (एहतलाम का होना) या जागते में (शहवत से मनी का निकलना) और पोशीदा जिस्म पर बालों का निकलना, मसलन् बगलों के नीचे नाफ (टोंडी) के नीचे, नाक के अन्दर, या दाढ़ी मूंछों के बालों का निकलना या लड़के के पन्द्रह साल की उमर होना, या लड़की को माहवारी का होना, आज के तजुर्बात सामने आ रहे हैं कि बारह तेरा साल की उमर में जिन्सी ख्वाहिश पैदा हो जाती है या लड़की के लिए हमल ठहरना।

निकाह की अहमियत

रसूल अल्लाह स०अ०व० ने इरशाद फ़रमाया निकाह मेरी सुन्नत है जो मेरी सुन्नत से रग़बत न रखे वह मुझ से नहीं है, यानी मेरे तरीक़ा पर नहीं है और फ़रमाया निकाह आधा ईमान है। मतलब ये कि निकाह से पहले आमाल की अहमियत शरीअत में आधी है और निकाह होने के बाद पूरी है और फ़रमाया जिसने औरत से माल की वजह से निकाह किया तो अल्लाह तआला इसको तंग दस्त (यानी माल से फ़ायदा हासिल न करने वाला) बना देगा और जिसने ख़ानदानी शराफ़त की वजह से निकाह किया तो इसका कमीना पन बढ़ जायेगा और जिसने ज़िना से बचने की ख़ातिर इज़्ज़त को महफ़ूज़ रखने और सिला रहमी के ख़्याल से निकाह किया तो अल्लाह तआला इस निकाह में बरकत अता फ़रमायेगा।

निकाह के फ़ायदे

बुजुर्गों ने फरमाया है कि निकाह के पांच फ़ायदे है- 1.ख्वाहिश का काबू में होना, 2.घर का इन्तेजाम होना, 3.औलाद का होना, 4.बीवी बच्चो की खबर रसानी की वजह से मुरतेअद होना, 5.और इन सबसे बढ कर सुन्नत रसूल स0अ0व0 है। आप स0अ0व0 ने इरशाद फरमाया कि ऐसी औरतों से निकाह करो जिससे बच्चे ज्यादा पैदा होते हैं कि मैं कयामत के दिन अपनी उम्मत की ज्यादती पर फख्र करूंगा।

इल्म की किस्मे और इसकी अहमियत

इल्म के मअनी जानने के हैं और इल्म एक चिराग रोशनी है इस इल्म के ज़रिये से बुरी भली, हलाल व हराम चीज़ों को जाना जाता है। हदीस शरीफ में फरमाया कि इल्म का हासिल करना हर मुसलमान मर्द व औरत पर फर्ज़ व ज़रूरी है और ये फअल मुबाशरत भी एक ऐसा इल्म है जिसका जानना दुनिया के हर इन्सान को ज़रूरी है, किसी मर्द व औरत को इससे छुटकारा नहीं है। फिर बड़ा तअज्जुब होता है, कि इस इल्म को ऐब दार समझा जाता है। हालांकि दीन व दुनिया ऐतबार से इस इल्म को जानना बहुत ज़रूरी है। अगर आदमी सही अक्ल और सही राये रखता होतो इस इल्म को हरगिज़ ऐब न समझे बल्कि दीन मतीन व दुनिया व अकलीन का तकाजा इसको सीखना लाज़िम करता है। क्योंकि सब खास व आम इसके मोहताज हैं और हर एक को इसकी ज़रूरत पड़ती है। और इसकी ज़रूरत ज़ाहिर है कि जो औरत निकाह मे आये राज़ी और खुश रहे अल्लाह तआला के नजदीक भी इसका बड़ा सवाब है। हुज़ूर स0अ0व0 ने इरशाद फरमाया कि तुम मे सबसे अच्छा वह है जो अपनी शरीके हयात के साथ अच्छा बरताव करे और अच्छा

बरताव जब ही करेगा जब इल्म होगा। मेरे शेख मेरे पीर इल्म अमल के शेदाई तकवा तहारत के फिदाई सुन्नतो के आशिक हजरत मौलाना डाक्टर मुहम्मद जाहिद साहब अमरोही मुदजिल्लहु आली ने अपनी एक मजलिस मे इरशाद फरमाया कि इल्म की दो किस्में हैं. अलइल्मुल ऐलान। 1 इल्मुल अबदान, 2 इल्मुल अदयान, फरमाया कि बदन का इल्म और दीन का इल्म इल्म है बाकी सब फन हैं इल्म नहीं। बदन का इल्म दीन के इल्म से पहले नम्बर पर है कि अगर बदन सही है तो दीन पर चलना और इसके तकाजों को पूरा करना आसान है और अगर बदन तन्दुरूस्त नही तो दीन पर चलना भी मुश्किल है। तन्दुरूस्ती है तो नमाज पढ़ने की भी ताकत है तन्दुरूस्ती है तो रोजा रखने की भी ताकत है, हज करने की भी ताकत और बीवी और मां बाप के हुकूक अदा करने की भी ताकत है, तन्दुरूस्ती नहीं तो दुनिया भी नहीं और दीन भी नहीं।

मुबाशरत इल्म व उसूल के साथ अच्छी है

मुबाशरत इल्म व उसलू के साथ करने से फायदामंद है और मुबाशरते ऐअतदाल के साथ करने से दिल को ताकत मिलती है, रूह को फरहत देती है और आला-ए-तनासुल को गिजा मिलती है। गन्दे फजलात से पाकी हासिल होती है, गुस्सा कम होता है, अक्ल ज्यादा होती है, मुबाशरत की लज्जत से रूह को राहत हासिल होती है।

अगर ज्यादा अर्से तक फअल मुबाशरत को इख्तियार न किया जाये तो मनी से बहुत सी बीमारियां पैदा होती हैं जैसे सर का भारी होना, सर का चकराना, गुर्दे का दर्द, सर का दर्द, जुनून, पागलपन वगैरह वाकेअ हो जाते है, और मुबाशरत कर लेने से ये पैदा होने वाली बीमारियां खत्म हो जाती हैं यानी तर्क मुबाशरत से भी नुकसान होता है। एक शख्स मुबाशरत छोड़ देने की वजह से भूख न लगने

की बीमारी में ऐसा मुब्तला हुआ कि खाना खाने की बिल्कुल ख्वाहिश नहीं होती थी और अगर जिन्दगी बाकी रखने के लिए या लोगों के देखा देखी कुछ खापी लिया तो वह हजम न होता था और अगर जायकेदार लजीज गिजा खायी और जरा कुद ज्यादा खाली तो वह उल्टी कैय हो जाती थी इसी तरह काफी ज़माना तक इसको ये बीमारी लगी रही, होते होते पागल दीवाना हो गया और बुरी हालत हो गयी। रहमान की शान, कुदरत और तकदीर का अच्छा मुसलसल मुबाशरत का इत्तेफाक हो गया मनी और इसके बुखारात निकल जाने से बगैर इलाज व दवा के सही तन्दुरूस्त हो गया।

हकीम जालीनूस का कौल है कि एक औरत हमेशा अहतनाक रहम की बीमारी में मुब्तला रहती थी, बड़े बड़े हकीमो ने इलाज किये मगर कोई इलाज फायदा मन्द साबित नहीं हुआ, आख़िरकार इसके लिए हकीम जालीनूस ने मुबाशरत तजवीज़ की और कुछ ही दिनों में इसको शिफा हासिल हो गयी। मतलब ये है कि मुबाशरत से सिर्फ़ लज़्ज़त ही हासिल नहीं होती बल्कि संगीन बीमारियां जो मुबाशरत न होने से लगती हैं खत्म होती हैं और ये मुबाशरत ज़्यादा कुव्वत पैदा होने का ज़रिया भी है। बदन का हल्का भी करती है ज्यादा गलत फ़ासिद मादे का काटती है, मनी के बुख़ारात कम होते हैं, हीजान को रोकती है।

मुबाशरत के उसूल

अल्लाह तआला ने इरशाद फ़रमाया कि औरतें तुम्हारा लिबास हैं और तुम उनका लिबास हो।

ज़ौजेन (मियां बीवी) को समझना चाहिए कि जिस तरह ज़्यादा खाने से पीट ख़राब होता है इसी तरज ज्यादा मुबाशरत करने से सेहत व तन्दुरूस्ती ख़राब होती है। ज़्यादा मुबांशरत से जिस तरह मर्दों को नुक़सान होता है इसी तरह औरतों की सेहत भी ख़राब होती

है। जब मुबाशरत का इरादा करे तो ये दुआ पढ़े- اللهم جنبنا الشيطان وجنب الشيطان مارزقنا इस दुआ की बरकत से शैतान मरदूद से हिफाजत होती है वरना इस दुआ के न पढ़ने से शैतान भी इस मुबाशरत में शरीक हाल हो जाता है। मुबाशरत के वक्त किब्ला रूख न हो, किब्ला व काबा की अज़मत करना हर मुसलमान पर ज़रूरी है। मुबाशरत के वक्त बड़ा सा कपड़ा मर्द औरत दोनों ओढ़ लें, नंगे होकर मुबाशरत करने से औलाद बे हया पैदा होती है। मुबाशरत करते वक्त ज्यादा बातें न करें, इससे औलाद के गूंगा होने के शदीद अन्देशा है और लकनत पैदा होने का सबब है। मुबाशरत के वक्त कुरान करीम को छुपा दें ताकि इसकी अज़मत मे कमी न आये।

एहतलाम के ज़रिये नापाकी की हालत में मुबाशरत न करें। सूरज निकलने और छुपने के वक्त भी मुबाशरत न करें वरना इन सूरतों में औलाद पागल दीवानी पैदा होती है। बहुत ज्यादा दिनों तक मुबाशरत न करने से औरत शदीद बीमारियों मे मुब्तला हो जाती है। ये बात ज़रूर याद रखनी चाहिए। अलजमाउन निसा कालमरहम लिलजिरह यानी औरतों के लिए मुबाशरत ऐसी है जैसे ज़ख़्म के लिए मरहम. मुबाशरत के बाद पैशाब करना ज़रूरी है अगर पैशाब न आता हो तो रूक कर करे वरना शदीद बीमारी का ख़तरा है, मिट्टी या गर्म पानी से इस्तन्जा करे देखो तफ़सील "पोशीदा राज़" किताब में।

मुबाशरत करने के बाद अगर दोबारा मुबाशरत करना हो तो वज़ू कर लेना अच्छा है इससे तबीयत में फ़रहत पैदा होती है। शर्मगाह को देखना मकरूह है, शर्मगाह देखने से औलाद के अंधा पैदा होने का डर है। माहवारी (हैज़) की हालत मे मुबाशरत करना दीनी व दुनियावी ऐतबार से हलाक कुन है और हराम है। देखो "पोशीदा

राज़' मुबाशरत के वक्त खुशबू लगाना जायज़ है, खुशबू लगाने से लज्ज़ात, राहत व मुसर्रत ज़्यादा होती है।

मुबाशरत की कुव्वत पैदा करने के लिए दवा खाना जायज है ताकि बीवी के हुकूक में कमी न आये, शर्मगाह के बालों को जल्द दूर करना यानी उस्तरे से साफ़ करना चाहिए, बल्कि उल्टे उस्तरे को मर्द अपने आला-ए-तनासुल पर फेरे, चांद रात, पन्द्रहवीं रात, महीने की आखिरी रात को मुबाशरत न करनी चाहिए, यानी पहली, दर्मियान की, आख़िरी, क्योंकि इन तीन रातों में शैतान की हाजिरी होती है। ईद की रात और फल वाले दरख़्त के नीचे और खड़े होकर मुबाशरत करने से औलाद बे खौफ, शरी, फसादी पैदा होती है। चांद ग्रहण और सूरज ग्रहण और आंधी आते वक़्त और शुरू रात में जबकि मैदा गिज़ा से पुर हो उन हालतों में मुबाशरत करने से औलाद कम अक्ल या बे अक्ल पैदा होती है।

रोम में बच्चे या कोई शख्स मसलन् सोकन वग़ैरह बेदार हों इस वक़्त मुबाशरत करने से ज़िना की आदत वाला बच्चा पैदा होता है।

हामला से बे वज़ू मुबाशरत न करे कि इससे औलाद बखील और अंधे दिल की पैदा होती है।

मुबाशरत के फ़ौरन् बाद ठंडा पानी या कोई ठंडी चीज़ इस्तेमाल न करें, इसलिए कि तमाम बदन गर्म रहता है वह इस ठंडक को फ़ौरन् कबूल कर लेते हैं और फालिज, लक़वा, रअशा, ज़अफ ऐअसाब वर्म (सूजन) पैदा हो जाती है।

मियां बीवी मुबाशरत के बाद अपने मक़ाम ख़ास को (गंदगी को) अलग अलग कपड़े से साफ़ करें, एक ही कपड़े से साफ़ करने से दोनों के दर्मियान ना इत्तेफ़ाकी अदावत पैदा होती है। नापाकी की हालत में बे वज़ू के कुछ न खावे, पीये, वरना इससे तंग दस्ती, फकीर पैदा होता है और निस्यां (भूल) की आदत लगती है। यानी

बेहतर तो ये है कि गुस्ल करके खाओ पिये वरना कम से कम वजू ही कर लिये।

الا كل على الجنابت محدث النسيان الاكل على الجنابت يحدث الفقر،

मतलब पीछे गुजर चुका है।

पेट भरे पर मुबाशरत करने से शुगर की बीमारी पैदा होती है इसी वजह से आख़िर रात में मुबाशरत करना बेहतर है, आदाबुस सालिहीन में लिखा है कि शुरू रात में मुबाशरत न करो।

शरई ऐतबार से किसी दिन भी मुबाशरत करना मना नहीं है लेकिन हकीमों व तबीबों व बुजुर्गों ने जिन दिनों को मुनासिब और गैर मुनासिब बताथा है उनकी रिआयत करना चाहिए।

जुमा की रात में मुबाशरत करना ज़्यादा अच्छा है अम्बिया व औलिया व उलमा व सुलहा व अतबा ने जुमा की रात में मुबाशरत की तरफ़ रग़बत की है।

हुज़ूर स0अ0व0 ने इरशाद फ़रमाया من غسل واغتسل इस जुमा की रात में मुबाशरत करने से जो औलाद पैदा होती है नेक सालेह, आबिद, ज़ाहिद, परहेज़गार पैदा होती है, जैसा कि उन्होंने तजुर्बा किया है।

हैज़ व निफ़ास के दिनों में मुबाशरत करना सख़्त मना है अगर मुबाशरत कर ली तो तौबा व अस्तग़फ़ार करना ज़रूरी है और कुछ सदक़ा वग़ैरह भी निकाले।

जिनकी बीवियां (औरतें) हसीन व दिलनवाज़ हों उनसे मुबाशरत करने से लज़्ज़त राहत हासिल होती है। हरारते मर्दमी ज़्यादा बढ़ती है, अगरचे मनी ज़्यादा निकल जाती है लेकिन तबीयत रग़बत व शौक़ व ज़ौक़ के कमाल से रूह की राहत और मनी की पैदाईश ज़्यादा होती है।

नाबालिग औरत जो अभी जवानी को पहुंची हो, मुबाशरत करना मना है।

इसी तरह बद मिजाज और जिसके मुंह से बदबू आती हो इसी तरह मरीजा से इसी तरह सूजाक व आतिश्क ज़दा (एड्स) की मरीजा से मुबाशरत न करें। बीवी जो लागर व कमजोर और जिसको रगबत न हो और जिसको पैदाईशी ख्वाहिश न हो मुबाशरत न करें और वह जो दिमागी मेहनत इस कदर करते हों कि दिमाग से मनी का मादा खसियों में ज्यादा जाता हो या कम जाता हो मगर मनी बनती न हो और जिन के खसिये यानी फोते बहुत छोटे हों और वह जवाफयून नशा करने के आदी हों इन सब को मुबाशरत से दूर रहना चाहिए और जैसा कि मैंने पीछे ज़िक्र किया है कि हालते हैज व नफास में मुबाशरत इसलिए नहीं करना चाहिए कि मर्द के आला-ए-तनासुल पर फोड़े फुंसी निकल आते हैं और मर्दाना कमजोरी बहुत पैदा होती है क्योंकि गन्दा खून सुराख में दाखिल हो जाता है और मालेखूलिया पैदा होता है और जो हमल हालत हैज़ में ठहरेगा वह बच्चा मकरूह शकल व सूरत का होता है और जजाम की बीमारी में गिरफ्तार हो सकता है और कभी इस हालत मे जौजेन के दर्मियान शदीद नफ़रत पैदा हो सकती है और नफ़रत मर्दान्गी को कमज़ोर ज़ईफ करती है। मर्दों को भी इस वक़्त के मुबाशरत से नुकसान होता है, औरतें अलग नुक़सान उठाती हैं। खुद अल्लाह तआला ने इरशाद फरमाया है कि हैज़ गन्दी चीज़ है लिहाज़ा तुम हैज़ की हालत मे औरतों से हमबिस्तरी से दूर रहो, जब तक वह पाक न हो जायें, उनसे मुबाशरत न करो और जब वह अच्छी तरह पाक हो जायें तो जहां से अल्लाह ने हुक्म दिया है वहां रसे इनके पास जाओ। (कुरान करीम)

और बदसूरत औरत से जिससे दिल न मिले और इससे रग़बत

न हो इसको निकाह में नहीं लाना चाहिए इसी लिए निकाह से पहले औरत को एक नज़र देखना जायज़ है।

बे रग़बत औरत (बीवी) जिससे दिलजमई न हो इससे मुबाशरत करने से बदन कमज़ोर हो जाता है। हज़रत लुक़मान हकीम ने अपने फ़रज़न्द अर्जुमन्द को नसीहत फ़रमाई थी कि बद सूरत औरत से परहेज़ करना कि वह बूढ़ा होने से पहले बूढ़ा कर देती है कि इनके चाल चलन अच्छे नहीं होते क्योंकि आम तौर पर अख़्लाक़ भी बुरे होते हैं और उनमें मुबाशरत की ख़्वाहिश भी नही होती।

बीमारी मरीज़ा औरत से मुबाशरत इसलिए नहीं करना चाहिए कि इसकी तबीयत बीमारी की वजह से मुबाशरत की तरफ़ माईल नहीं होती और ख़ुद बीमार होने का भी अन्देशा है।

ज़्यादा बूढ़ी औरत से भी मुबाशरत नहीं करना चाहिए कि इससे मर्दान्गी से ज़अफ़ पैदा होता है कि शर्मगाह सब और ढीली होने की वजह से कि बुढ़ापे से मर्द को लज़्ज़त कम मिलती है और लज्जत का कम मिलना मर्द की ताक़त व जज़्बात व ख़ुशी को घटाता है और बुढ़ापे में शर्मगाह के अन्दर सर्दी आ जाती है और ये सर्दी कुव्वत मर्दान्गी को नुकसान पहुंचाती है और बुढ़ापे की वजह से रहम मनी को बहुत चूसता है कि जिससे मर्द के चेहरे की रौनक कम या ख़त्म हो जाती है, कमज़ोरी नातवानी लाहक होती है, हां अगर बूढ़ी औरत हो शकीला व जमीला हो पसन्दीदा ख़ातिर हो दिल आरा हो तो फिर इससे मुबाशरत करने में कोई हरज नहीं है।

नोटः– पचास साल के बाद बूढ़ी औरत जानी जाती है।

रंडी औरतों से भी दूर रहें इस वजह से कि इनमें एड्स की ख़तरनाक बीमारी पैदा होती है क्योंकि मुख़्तलिफ़ लोगों की मनी इनकी शर्मगाह में गिरती है और इसकी गर्मी ख़राब सड़ी हुई होती है और बे शमार जरासीम इसमें होते हैं जिसका असर व नुक़सान

औलाद को भी लगता है।

हामिला औरतों से भी मुबाशरत न की जाये, खास तौर पर शुरू हमल से तीसरे महीने तक और आठवें महीने से विलादत तक मुबाशरत न की जाये, इस वजह से कि रहम (बच्चा दानी) को हरकत होती है और बअज़ मर्तबा रहम को हरकत होने से हमल गिर जाता है।

खास तौर पर जिसका आला-ए-तनासुल लम्बा होगा इनकी बीवियों के हमल बहुत जल्दी गिर जाते हैं और हमल के दिनों में शर्मगाह की गर्मी भी बहुत होती है।

जिन औरतों के मुंह से बदबू आती है इनसे मुबाशरत इसलिए नहीं करना चाहिए कि बोस व प्यार के वक्त इसकी बू ना गवार गुज़रती है जिससे इसकी ख़्वाहिश का जौश कम हो जाता है और मर्दान्गी में कमज़ोरी पैदा होती है।

जो औरत (बीवी) मर्द को बहुत देर तक अपने पास बिठाये रखे बोसा व बग़लगीरी और अपनी खुशामद करने मे मशगूल रखे और मुबाशरत न कराये बल्कि देर करा दे इन हरकतों से बे मौका अन्ज़ाल हो जाता है। हमेशा औरत (बीवी) के इस तरह करने से नामर्द होने का अन्देशा रहता है क्योंकि मर्द को हमेशा जोश आता रहता है और आला-ए-तनासुल की रगें भड़कती रहती हैं। अन्ज़ाल बाहर होने की वजह से तबीयत को परेशनी और शर्मिन्दगी होती है जिससे बाह को नुक़सान होता है।

उनको मुबाशरत न करनी चाहिए

उनको भी मुबाशरत न करना चाहिए, जिनके अअ़ज़ा मर्दमी कमज़ोर हूं और जिनको मुबाशरत करने से रअ़शा पैदा होता है और जिन को रंज व गुस्सा बहुत ज़्यादा रहता हो या जिस्मानी मेहनत से थक जाते हों और जिन के पुट्ठे ज़्यादा कमज़ोर हों और जिनको

खूनी बवासीर हो और जिन की आंखें बहुत कमजोर हों और जो मैदे व आंतो की ज्यादा कमजोरी में मुब्तला हों और जिनकी मनी पतली हो और जिनका सीना तंग हो। इन तमाम को जल्दी जल्दी मुबाशरत करने से बहुत नुकसान होता है। ज्यादा मुबाशरत की लज्जत पाने वालो की रूह का जौहर ज्यादा खर्च होता है और जिनके पुट्ठे कमजोर हैं उनको रअशा की बीमारी लग जाती है।

इन हालतों में मुबाशरत न करनी चाहिए

इन हालतों मे मुबाशरत न करनी चाहिए जिस वक्त पेट भरा हुआ इसलिए इस वक्त तबीयत गिज़ा हज़म करने की तरफ मुतवज्जे होती है अगर मुबाशरत होगी तो हजम में ख़राबी पैदा होगी जिसकी खराबी से तमाम खराबियां (बीमारियां) पैदा होती हैं इसी वजह से शुरू रात में मुबाशरत करना मना है कि इस वक्त मैदा गिज़ा से भरा रहता है। और ख़ाली पेट भी मुबाशरत न करे इसलिए कि खुसिये अपनी गिज़ा गुर्दों से तलब करते हैं और गुर्दे जिगर से और जिगर मैदे से और मैदा इस वक़्त खाली होगा तो जिस्म कमज़ोर हो जायेगा. और जिस्म की कमज़ोरी रूह के कम और घटने का जरिया है ताकत भी खत्म हो जाती है. गशी खौफ़ और दक की बीमारी पैदा होती है। खाली पेट का नुकसान भरे हुए पेट से ज्यादा है।

इन हालतों में भी मुबाशरत न करें

हैज़ा और हज़मी के वक्त, रंज व गम के वक़्त और शर्म के वक्त, तेज बुख़ार के वक़्त, ज़्यादा मेहनत के बाद मुबाशरत न करें कि इस वक्त थकान ज़्यादा बढ़ जाती है, तबीयत इसके लिए आराम ज़्यादा चाहती है और मुबाशरत की हरकत, तअब व परेशानी में डालती है पस तबीयत की मुख़ालफ़त नहीं करनी चाहिए।

नींद की हालत से, बे ख्वाबी के बाद भी मुबाशरत नहीं करना चाहिए, इसलिए कि नींद वह चीज है जिससे थकान दूर होती है दिमाग जो कि आज़ा-ए रईसा से है इसको आराम मिलता है।

कैय और दस्तो के बाद और खटाई खाने के बाद और सोकर उठने के फौरन बाद भी मुबाशरत नहीं करनी चाहिए इसमे वजह जाहिर है, गजे के सर पर ओले पडने के मिस्ल है।

और जिस वक्त बदन बहुत ठंडा हो इस वक्त की मुबाशरत से ताकत कम होती है और मर्दान्गी कमज़ोर पड़ जाती है। बेपर्दगी यानी नंगे होकर मुबाशरत करने से औलाद बे शर्म और बेहया पैदा होती है और भूल की बीमारी निस्यां पैदा होता है।

बिला इजाजत बीवी की मर्ज़ी के मुबाशरत न करे और मैदान और चांदनी और आंधी में और महीने के पन्द्रह और आख़िर तारीख़ में और मुबाशरत के बाद भी मुबाशरत न करें जब तक कि असली ताक़त पैदा न हो जाये।

मस्ती व ख़ुमार में भी मुबाशरत न करे कि दिमाग़ आदमी का मदहोश फ़िक्र और अक्ल से ख़ाली होता है ऐसे वक़्त मे जो हमल ठहरेगा इससे बेवकूफ़ औलाद बे अक़्ल औलाद पैदा होगी।

सूरज के सामने मुबाशरत न करें इससे औलाद हमेशा हैरानी व परेशानी में मुब्तला रहेगी।

फल मेवेदार दरख़्त के नीचे मुबाशरत करने से औलाद ज़ालिम पैदा होती है और खड़े हो कर मुबाशरत क़रने से औलाद बुरी पैदा होती है।

सूरज निकलते और छुपते वक़्त मुबाशरत करने से औलाद चोर पैदा होती है। ईद की रात मुबाशरत करने से औलाद शरीर पै़दा होती है।

ईदल अज़हा (ईदे कुर्बान) की रात मुबाशरत करने से औलाद

चार या छ उंगली वाली पैदा होती है।

बैठ कर मुबाशरत करने से मनी पूरी तरह नहीं निकलती गुर्दे मसाने और पेट के दर्द में मुब्तला होने का सख्त खदशा है और कभी आला–ए–तनासुल पर वर्म सूजन भी पैदा हो जाती है।

करवट की तरफ से मुबाशरत करने से गुर्दा खुसिया में दर्द होने का अन्देशा है क्योंकि मुम्किन है सारी मनी बाहर न निकले।

बेहतर है कि बीस साल से पहले मुबाशरत न करे इसलिए कि तबई कुव्वत पूरे तौर पर मुकम्मल नहीं होती, पस बीस साल की उमर तक औरत के पास न जाये।

साठ साल की उमर के बाद इससे रूक जाये इसलिए कि फिर लुत्फ़ नहीं रहता जबकि हड्डियां कमज़ोर पड़ जायें फिर ताक़त ज़्यादा निकल जाकर कमज़ोरी बहुत बढ़ जाती है और जलज़ले के वक्त और हैज़ के बाद जो कि आदत के खिलाफ़ हो गुस्ल करने से पहले और इब्तेदाई रात में मुबाशरत न करनी चाहिए।

ज़रूरी नोट:– ये तमाम उमूर जो ऊपर लिखे हैं इन पर कारबन्द हों, कायदे के साथ फ़ायदा, बे क़ायदा के बेफ़ायदा बल्कि नुक़सान देह होती है।

मुबाशरत करने के तरीक़े

मुबाशरत करने के बहुत से तरीक़े हैं मगर हम सिर्फ़ वही तरीक़े अर्ज़ करेंगे जो मुफ़ीद हों और बेज़रर हों और हमल ठहरने का ज़रिया हों। सबसे पहले शौहर को चाहिए कि मुबाशरत के वक़्त इस बात का ख़्याल रखे कि पहले औरत का अन्ज़ाल हो इसके बाद अपना अन्ज़ाल हो, इसकी कई तरकीबें हैं मसलन् हाथा पायी करके बग़ल में दबाये और ख़ूब लिपटाये और चिम्टाये सीने और गले से लगाये प्यार करे और जो मक़ामात जोश को भड़कायें इनको छुए।

मुबाशरत करने का एहतमाम

मुबाशरत करने के वक्त मकान (रूम) इन्तेहाई साफ सुथरा हो कि दिल लगे और इसमे किसी और का दखल न हो क्योंकि दूसरी आदमी की मौजूदगी से शर्म व हया व हिजाब रूकावट का जरिया बनता है, तबीयत में कदूरत रहती है, दिल खुश नहीं होता। मुबाशरत करनी अगरचे पलंग पर भी अच्छी है लेकिन जमीन पर कि इसको नर्म गद्दो से सजाया जाये ज्यादा मुनासिब है और दिल की खुशी का जरिया है। आला–ए–तनासुल का सर औरत की रहम से जल्दी मिल जाता है, बिस्तर व मकान को खुशबू से मअत्तर करें, थोड़ी रोशनी का भी इन्तेजाम ज्यादा करें औरत को फूलों की महक से ज़ीनत हो औरत को बायें तरफ बिठा कर मुहब्बत वाली और शहवत अंगेज गुफतगू करें, छेडछाड़ के अलावा दूसरी बातें न करें ताकि औरत को भी मुबाशरत की तरफ भरपूर रगबत जल्दी हो, इस तरह की हरकतों से मर्द में भी ख्वाहिश ज्यादा होती है और मनी खूब पैदा होती है और इस तरह के ख्यालों और मुबाशरत की बातों से आला–ए–तनासुल में सख्ती बे हद जरूरी है। पैशाब करने का तरीका देखो "पोशीदा राज़" किताब में।

मुबाशरत करने की इब्तेदा

मुबाशरत करने की इब्तेदा इस तरह करें कि पहले बीवी को प्यार व मुहब्बत से खुश करके मुबाशरत की ख़्वाहिश में बेकरार बनायें, छातियों के सिरे दो उंगलियों से पकड़ें और आहिस्ता आहिस्ता इतना मलें कि दोनों भिंटियां सख़्त और खड़ी हो जायें, औरत की पिस्तानों को इसलिए मलते हैं कि छातियों की खाल जल्दी एहसास पकड़ती है और इस का तअल्लुक रहम यानी बच्चादानी से है और इसको छूने से औरत को मुबाशरत की ख़्वाहिश बहुत जल्दी पैदा

होती है और औरतें भी इसके छूने से बहुत खुश होती है और जल्दी मजे मे आ जाती है, उंगलियों के सिरे से औरत की दोनो रानों (जगासो)

को गदगदी करें और सहलायें और औरत की ख्वाहिश गालिब हो जाये और मुबाशरत की रगबत जल्दी पैदा हो जाये, उन्हें तरकीबो से औरत को मुबाशरत की ख्वाहिश का जोश व खरोश होगा और अन्ज़ाल में आसानी होगी।

मुबाशरत के दर्मियान अमल

पिस्तानों का मसास (मलना) करते करते जब औरत की छाती सख्त और इसके दोनों सिरे यानी भिटी खडी हो जायें और जमाई व अंगडाई लेने लगे और आंखो में सुर्ख़ी छलकने लगे और किसी कदर ऊपर चढ जायें, लज्जत की वजह से आंखें बन्द कर ले, मर्द से चिमटने लगे और जल्दी जल्दी सांस लेने लगे और सिसकी भरे मर्द को अपने पाव से दबाये या अपनी तरफ खींचे, कभी अपने दोनों हाथ मर्द की कमर मे डाले, कभी मर्द के बोसे लेने लगे और प्यार करने लगे और बेकरार बे-ताब हो जाये तो शौहर जब ये हालतें देखे इस वक्त औरत को चित लिटाकर नीचा तकिया या इसके मिस्ल रखे ताकि सुरीन ऊंची रहें और शौहर इसके दोनों पांव के दर्मियान आकर इसके ऊपर इस तरह लेटे कि अपने जिस्म का तमाम वज़न इस पर न डाले, पटेर व अपना औरत की पैशाब गाह के जरा ऊपर रखे, आला-ए-तनासुल को दाख़िल करे और शर्मगाह के सामने जरा नीचे रहम को टटोलें और इधर उधर हरकत दें ताकि रहम आला-ए-तनासुल के सामने आ जायें और जब वह मालूम हो जाये तो आला-ए-तनासुल को इस पर लटका दें और जरा अन्दर को दाखिल करके दाहिनी तरफ औरत को आहिस्ता आहिस्ता हरकत देते रहें, ज़बान औरत की चूसते रहें और नीचे का होंठ भी ज़बान से

तन्हाई के सबक

सहलाते रहें और जब जबाते रहें थोड़ी ही देर में औरत का अन्ज़ाल हो जायेगा फिर अपने शर्म अन्ज़ाल से सैराब करें और शहवत की आग को अपनी मनी के आप से बुझायें, इस तरह मुबाशरत करने से नुत्फे रहम यानी बच्चादानी मे पहुंचा जाता है और लज्जत भी औरत को इस कदर आती है कि फरीफता व मस्त हो जाती है और शौहर को मुहब्बत भरी नजरो से देखती है।

ज़रूरी हिदायत:— ये जो तरीका हम ने ऊपर बयान किया इस तरीके से सौ फीसद हमल क़रार पा जाता है अगर आला–ए–तनासुल छोटा ही क्यों न हो और औरत को तसल्ली व तशफी भी खूब हो जाती है।

ये हमल ठहरने का तरीक़ा है

अगर हमल ठहराना मन्ज़ूर हो तो अन्ज़ाल के बाद शौहर को औरत से कुछ देर चुप चाप लिपटे और चिमटे रहना चाहिए ताकि मनी पूरी रहम के अन्दर चली जाये और आला–ए–तनासुल के सुराख में कुछ भी बाकी न रहे और ये भी ख्याल रहे कि आला–ए–तनासुल रहम के अन्दर फंसा रहे कि बाहर न निकले और जब वह आला–ए–तनासुल नर्म पड जाये तब आहिस्ता से बाहर निकाले और निकालते ही फौरन् नर्म और साफ कपड़े में लपेट ले, कहीं ऐसा न हो कि ठंडी हवा लग जाये क्योंकि ठंडी हवा लगने से इसकी रगें सुस्त हो जाती हैं और जब इस की गर्मी कम हो जाये तब मुलायम कपडे से आहिस्ता से लगी हुई गंदगी को साफत्र कर दें ताकि आला–ए–तनासुल को रगड न लगे और कपड़ा मैला कुचैला किसी भी किस्म का जेहरीला न हो। औरत को मुबाशरत के बाद तीस मिनट तक चित लेटे रहना चाहिए बिल्कुल हरकत न करे ताकि मनी बाहर को न निकल जाये बल्कि औरत अपनी दोनों रानों को मिलाकर दबाले और ऐसी ही पडी रहे इस तरह लेटे रहने से

रहम का मुंह मिल जाता है और मनी रहम के गहराव में करार पकड़ लेती है अगर इसी हालत पर सो जाये तो ज्यादा बेहतर है, सोना जागने से बेहतर है ताकि हरकत से हिफ़ाज़त रहे। क्योंकि हरकत मनी को फिसला देती है और निकाल देती है, क्योंकि रहम, (बच्चादानी) एक औंधा अजू है अगर नींद न आये तो उठने बैठने, करवट लेने, हरकत करने से रुकी रहे ताकि नुत्फा रहम में अच्छी तरह जगह पकड़ ले अगर औरत हरकत करेगी तो मनी रहम से बाहर आ जायेगी हरकत न करने की वजह यही है। बच्चा की पैदाईश का काम इसी वक्त से शुरू हो जाता है, औरत को जिस कदर सुकून व आराम मिलेगा तो बच्चे की बुनियाद उतनी ही मज़बूत व क़वी होगी।

मुबाशरत से फ़ारिग़ होकर ये अमल करें

मुबाशरत से फ़रिग होने के बाद आला–ए–तनासुल और फ़ोतों (खुसियों) वगैरह को नीम गर्म पानी से धोना चाहिए, बेहतर तो ये है कि इसी वक्त गुस्ल कर ले क्योंकि नहाने से सुस्ती व थकान दूर हो जाता है। आज़ा की ताक़त कायम व बरकरार रहती है। तबीयत को फरहत हासिल होती है गर्मी के मौसम में ठंडे पानी से नहाने में कोई हरज नहीं है लेकिन फ़ौरन् नहीं नहाना चाहिए क्योंकि पानी की सर्दी से रगें सुस्त ढीली पड़ जाती हैं। मुबाशरत के बाद नींद आ जाये तो अच्छी बात है ताकि जिस कदर सुस्ती पैदा हुई है दूर हो जाये और मुबाशरत की थकन से बदन को आराम मिल जाये और ताक़त भी हासिल हो जाये।

साफ करने का कपड़ा अलग अलग होना चाहिए

शौहर अपने आला–ए–तनासुल को और औरत अपनी शर्मगाह को अलग अलग साफ कपड़े से साफ करें एक ही कपड़े से दोनों अपनी गंदगी साफ न करें. एक ही कपड़े से साफ करने से जौजैन (मियां बीवी) के दर्मियान दुश्मनी अदावत नाइत्तेफाकी पैदा होती है।

मुबाशरत के बाद की गिज़ा

मुबाशरत करने के बाद कोई मीठी चकनी गिजा जरूर इस्तेमाल करे जैसे कि कोई हलवा वगैरह (जिनको मैं यहां पर लिखने से किताब लम्बी होने का खौफ रखता हूं) खायें ताकि जिस्म और रगों का सनसनाना जो मुबाशरत के बाद होता है न हो मुबाशरत के बाद ठंडी गिज़ा हरगिज नहीं खाये इससे रगो व पुट्ठों में सुस्ती पैदा हो जाती है. तिब्बी व साईंस के ऐतबार से ये बात जरूरी है कि मुंह हाथ धोकर खायें।

मुबाशरत करने का बेहतरीन वक्त

जैसा कि हमने पीछे जिक्र किया है कि मुबाशरत करने का बेहतरीन वक्त वह है जब तबियत में बगैर ख्याल लाये मुबाशरत की तरफ राग़िब व मायल हो और आला तनासुल में सख्ती पाई जाये और खाना हजम के करीब हो वही सबसे अच्छा वक्त है. क्योंकि पेट भरने पर मुबाशरत करने से गठिया, रेशे, वरम व सूजन, शूगर की बीमारी भी लायक होती है कि आम तौर पर खाना खाने के दो घंटे बाद मुबाशरत की जाये जबकि मेदे की कवी हो अगर मेदे जईफ हो तो जब तक खाना हजम न हो जाये या पेट हल्का ना हो जाये इस बात को हर इंसान अपना हाल खूब जानता है हम इसको लिखने से

कासिर है इतनी बात ज़रुर कहनी है कि खाना हज़म होने पर जो मुबाशरत से हम्ल ठहरेगा उससे औलाद अक्लमंद पैदा होगी और होशियार भी होगी।

हज़रत मूसा काज़िम रह0 अ0 ने इरशाद फरमाया है कि रात के शुरु हिस्से में मुबाशरत न करो, आखिर रात में हर तरह का इत्मीनान होता है और दिन के मुक़ाबले में रात बेहतर है रात में आखिर रात बेहतर है और दिन भर के काम काजो से थकन वालों के लिये भी यही मुनासिब है कि अव्वल रात में सो जायें आराम करें और आखिर रात में फअल मुबाशरत इख़्तयार करे, और थकन की हालत में मुबाशरत करने से लड़का पैदा होने के इमकान बहुत कम होते है।

औरतों की ख़्वाहिश की अलामत

औरतों की ख़्वाहिश मुबाशरत की ये अलामतें है, जल्दी जल्दी बालों को बिखेरना, बिला ज़रुरत सीने को खोलना, और अपनी छाती को हाथ से मलना, बार बार जमहाई और अंगड़ाई लेना, कभी दोनों हाथ सिर पर फेरना, अपनी छोटी औलाद को बगल में दबा लेना, कभी किसी बच्चे को अपनी छाती पर लिटाना, उसे प्यार करना उससे प्यार करवाना, कानों को उंगलियों से खुजाना, बनाव सिंगार करना, ज़ेवर पहनना, सुरमा लगाना वग़ैरह वग़ैरह ।

औरत को किस वक़्त ज़्यादा ख़्वाहिश होती है।

मर्द से ज़्यादा अलग रहने के वक़्त ,हैज से फारिग होने के बाद, बच्चे पैदा होने के 40 दिन बाद , हम्ल ठहरने के दो महीने के बाद, नंगी तस्वीर देखने, नाच गाना सुनने के वक्त, सर्दी के मौसम में अकेले रहने पर, बारिश होने के वक़्त , बाग़ व पार्क में सैर करने पर, मर्दों से तारीफ सुननें पर, किसी के मुबाशरत की बातें सुनने से, मर्द

के छूने व पकड़ने से, ज़ेवर व अच्छा लिबास पहनने से, . इतर व खूशबू लगाने की हालत में, इन हालतों में औरतों को ज्यादा ख्वाहिश होती है, और तबियत चाहती है।

मुबाशरत के वक़्त शौहर के साथ औरत को भी रग़बत रखनी चाहिये

जिस तरह शौहर के बोस व किनार व प्यार व मोहब्बत व हरकत मुबाशरत हो उसी के साथ साथ बीवी को भी अपना शौक़ व रग़बत ज़ाहिर करना चाहिये, बीवी की चाहत व रग़बत से शौहर के आला तनासुल को कुव्वत व तरक्क़ी मिलती है और शौहर के दिल को खुशी को बढ़ाता है और बीवी की बे रग़बती को बढ़ाता है और बीवी की बे रगबती और नफरत से आला तनासुल की ताक़त टूटती है । अगर शौहर ने बीवी को बे रग़बती से ज़बरदस्ती मुबाशरत की और उससे हम्ल ठहर गया तो वह औलाद कराहियत और बदसूरत और बुरे मिजाज़ की पैदा होती है।

इंसान को किस अरसे तक मुबाशरत से रुकना चाहिंये

चूंकि एतदाल के साथ मुबाशरत से इंसान के बदन को फायदे पहुंचते है और अल्लाह तआला के हुक्म को भी पूरा करना होता है मगर वह फायदे जब ही होंगे जब वह अपनी हद के अन्दर हो, कोशिश यही रहे कि बीस साल की उम्र तक उस फअल मुबाशरत से दूरी इख्तयार कर लें वरना तो उसकी तिब्बी कुव्वत पूरी नही होती।

वक्त से पहले फअल मुबाशरत अच्छी नही है

उस वक्त कलील उम्र के लड़कों का हाल बहुत बुरा है कि पेट से निकलते ही पेस्ट की लज्जत में आ जाते है और वह फरोज से खरोज करते ही दखूल की तरफ लपकते है यानि अभी कुव्वत तिब्बी अपने उरुज को नही पहुंचती उस तरफ दिलचस्पी लेने लगते है और अट्ठारह बीस साल की उम्र में ही कुव्वत मर्दानगी से हाथ धो बैठते है और जिस्मानी बीमारियों से गिरफ्तार होकर ज़लील व ख्वार हो जाते है उनके वालिदेन ने अभी ऐसा ही किया जिसकी वजह से औलाद कमजोर पैदा हुई और उस कमजोर औलाद ने अपनी कमजोरी और बढ़ा ली और वक्त माहौल की खराबी और खराब कर देती है।

मुबाशरत एतदाल के साथ होना चाहिये

जैसे खाने की मुनासिब मिकदार है कि उससे ज़्यादा न हो यानि जैसा हाजमा वैसी गिजा, ऐसे ही मुबाशरत में कुव्वत बाह के एतबार से मुनासिब होनी चाहिये मुख्तलिफ इंसानों के मुख्तलिफ मिजाज़ होते है और कुव्वत मर्दानगी के हालात की वजह से मुबाशरत की मिकदार भी मुनासिब मुख्तलिफ तरीकों पर होगी। मिसाल के तौर पर कुछ लोग एक रात में कई मर्तबा फअल मुबाशरत हिशाशियत के साथ इख्तयार कर लेते है और बाज़ आदमी पन्द्रह रोज़ में बाज़ महीने भर में, बाज हफ्ते में एक बार मुबाशरत करते है। भूख और प्यास की तरह मुनासिब ये है कि जब तक शहुत तिब्बी ना हो मुबाशरत न करे और जब भी मुबाशरत के बाद राहत व फरहत मिलने के बजाये कमज़ोरी, सुस्ती और थकन मालूम हो तो जान लेना चाहिये कि ये मुबाशरत एतदाल से हटकर बे कायदगी से हुई है।

हर इंसान को अपनी कुव्वत मुबाशरत का अन्दाजा अपने मिजाज से कर लेना चाहिये आमतौर पर मोटे मजबूत लोग हफ्ते में एक मर्तबा मुबाशरत करें. मुबाशरत की ज्यादती हर शख्स के लिये नुकसान देह है. खास तौर पर इन..........लोगों को ज्यादा नुकसान होता है. जिनके फेफडे कमजोर हों. जिनको बलगम के साथ खून आता हो. जिनके आंखों की कमजोरी हो या मिर्गी हो जिनका मेदा आंतें. जिगर कमजोर हों. और जिरयान की बीमारी हो या जो ज्यादा पढ़ने लिखने. सीने पिरोने का काम करते है।

ज़्यादा मुबाशरत के नुक़सानात

ज्यादती किसी भी चीज़ की अच्छी नही है। यहां तक कि अब हयात को भी इतनी ही पिया जाये जितनी उसकी मिक़दार है तो फायदा करेगा वरना ज्यादती आबे हयात की भी ज़हर बन जाती है। हां ज़्यादती अल्लाह तआला की मुहब्बत की हो तो ठीक है. रसूलल्लाह स० अ० व० से भी इतनी, मोहब्बत करो जितनी अल्लाह तआला ने बताई नबी को नबी के असली मक़ाम पर रखो. बढ़ाओ न घटाओ, बाहरआल हर चीज़ में एतदाल होना चाहिये खास तौर पर उस लजीज़ फअल मुबाशरत में हद से आगे न बढ़े।

मुबाशरत की ज़्यादती से हम्ल ठहरने की कुव्वत भी जाती रहती है। क्योंकि मुबाशरत की ज़्यादती से मर्द का नुतफा औरत का तनहम पतला हो जाता है । नौजवान नौजवानी की दीवानी में बड़ी बेपरवाही और मज़े मज़े में अपनी जिस्मानी ताकत खो देते है। उस बात का बिल्कुल ख्याल नही होता कि मनीअ खून के सत्तर क़तरों से पैदा होती है। उसको इस तरह से ज़्यादती के साथ मुबाशरत करने से ज़ाय कर देती है । आखिर कार उसका अंजाम ये होता है कि फिर सर पकड़कर रोते है और फिर मकवी दवाएं तलाश करने लगते है।

यूरोप के लोग दिन में कई मर्तबा उम्दा उम्दा खाने खाते है

और हफ्ते मे दो तीन मर्तबा मुबाशरत करते है और हिन्दुस्तान के लोग दिन में दो मर्तबा खाना खाते है , वह भी अच्छी तरह नही बाज लोग हज़म नही कर पाते और वे एतदाली से मुबाशरत करते है कि तमाम बदन के रग पे पेठे कमज़ोर और ढीले सुस्त हो जाते है दिमाग नाकारा हो जाता है, जिससे तमाम बदन के अन्दर बीमारियां पैदा हो जाती है।

मुबाशरत की ज़्यादती से औरत को भी नुकसान होता है

जिस तरह मुबाशरत की ज़्यादती से मर्द को नुकसान होता है औरत को भी नुकसान उठाना पड़ता है कि वह भी तमाम उम्र के लिये कमज़ोर हो जाती है , सेहत कायम नही रहती , सही तन्दरुस्त औलाद होना भी मुमकिन नही रहता , हामला औरतों से ज़्यादा मुबाशरत करना मुनासिब नही है, पहले महीने में आम तौर पर कमज़ोर बच्चेदानी से हम्ल गिर जाता है बल्कि अक्सर मुबाशरत से बड़ी बड़ी बीमारियां पैदा होती है। जो लोग तन्दुरुस्त औलाद के ख्वाहिशमंद है उनको ज़रुरी है कि शुरु हम्ल और आखिर हम्ल में मुबाशरत से बाज़ आयें, हम्ल का पुख्ता यकीन नही हो सकता जब तक एक महीने हम्ल को ना गुज़र जायें, उस दरम्यान में मुबाशरत न होनी चाहिये।

मुबाशरत की ज़्यादती से वही लोग फायदा उठा सकते है जिनके बदन में गर्मी ज़्यादा हो खून की भी ज़्यादती हो, मनीभ भी ज़्यादा पैदा होती हो, यही लोग मुबाशरत करने से सर के भारी रहने और पेट के दर्द और सुस्ती और काहिली और आला तनासुल वरम खसिया वगैरह की बीमारी में मुब्तला होते है, लेकिन वह भी अपनी हदूद के अन्दर रहकर हो ज़्यादती उनको भी नुकसान देती है।

एक सबक आमेज़ वाक़या

एक हकीम साहब से उसके शार्गिद ने पूछा एक मुबाशरत करने के बाद से दूसरी मर्तबा मुबाशरत में कितना फासला व अरसा छोड़ना चाहिये? उस्ताद ने जवाब दिया एक साल, फिर शार्गिद ने पूछा अगर एक साल बर्दाश्त न कर सके, तो उस्ताद ने जवाब दिया छः माह आखिर कार सवाल जवाब होते रहे उस्ताद ने हफ्ते तजवीज किया और फरमाया कि अगर उस पर भी अम्ल न हो सके तो कफन अपने साथ तैयार रखो और मुबाशरत किये जाओ और क़ब्र भी खोद कर तैयार रखो ।

मुबाशरत की ज़्यादती से नुक़सान भी ज़्यादा है

मुबाशरत में जैसा मज़ा है वैसे ही ज़्यादती में सज़ा है कि मुबाशरत की ज़्यादती से एज़ाओं में हरारत पैदा होती है चेहरा बे रौनक हो जाता है, सीना और फेफड़े में नुक़सान लायक होकर सर के बाल कमज़ोर और तमाम जिस्म पर बाल ज़्यादा निकल आते है, ज़ईफो और बूढ़ों में सर के बाल कम और बाकी बदन पर ज़्यादा बाल देखे जाते है। जिससे ये पता चलता है कि ज़्यादती हरारत अज़ीज़ी (असली गर्मी) ज़्यादती सर के बालों की है। गर्ज़ मुबाशरत की ज़्यादती से जवान बूढ़ा , मोटा और दुबला, और ज़्यादती मुबासरत से ये बीमारियां कोई न कोई पैदा हो जाती है। मसलन यरकान (जोनबिस) इस्तकाए कान में, झनझनाहट, सकते , भूल की बीमारी, फालिज, रैशे, तली का वरम, जोड़ो का दर्द, नुकरस, अक्कुर्निसा, ज़ईफ समाअत, गुर्दे मसाने की बीमारी, लायक हो जाती है, और ऐज़ा की कमज़ोरी हो जाने की वजह से अच्छा खून पैदा नही होता, गर्ज़ की इन्तहाई संगीन बीमारियां बदन में जहान्नुम लेकर

मौत का मज़ा जल्दी चख लेता है अगर उस तरह की बीमारियां पैदा हो जायें तो पूरी तफसील बताकर अच्छे हकीम से ईलाज करवाना चाहते है। गफलत न करें या हम से मशवरा करे, पता ये है।

मुफ्ती मोहम्मद अशरफ, आफिस नम्बर 281

ए० ब्लाक, बी० टी० ए० ले आउट, एच० एम० रोड क्रास, फर्द स्ट्रीट लंगराजपुरम, बंगलौर , कर्नाटक, इण्डिया– 560 084 फोन– 080–5489083

ये शौहर के लिये मुफीद सबक़ है

हर मर्द शौहर को ये सबक़ याद कर लेना चाहिये और ज़हन नशीन कर लेना चाहिये कि मुबाशरत से ज्यादा तर कमज़ोरी व सुस्ती व थकन शौहर को ही होती है, या यूं समझो इसी मुफीद शौहर को और बीस फीसद औरत को होती है । जिसकी वजह से मर्द आराम का मुहताज होता है अगर उस बात में उस तरह मिसाल दूं तो बे जाना होगा कि हक मुबाशरत में औरत रास्ता और चलने वाली सड़क के मानिंद है और मर्द शौहर रास्ता चलने वाले की तरह है, सड़क थका नही करती,सड़क पर चलने वाले थक जाते है . इस बात से जो सबक मिलता है हर इंसान उससे खुद नसीहत व सबक़ हासिल करलें।

मुबाशरत करने के उसूल

मुबाशरत करने के उसूल तफसील के साथ पीछे भी ज़िक्र कर चुके है और 'पोशीदा राज़' किताब में भी अर्ज़ कर दिये है। मगर चंद मुख़्तसर यहां ज़िक्र किये जाते है वह ये कि मुबाशरत बाकायदा उसूल के साथ अगर मुकर्रराह वक़्त पर की जाये तो उससे बहुत से फायदे हासिल होते है। तरीका उसका ये है, एक नक्शा तय करें मसलन हम लोग दिन में तीन मर्तबा खाते है, सुबह नास्ते में, दोपहर

और रात को अगर इन तीन वक्तों के अलावा यही शख्स चार मर्तबा खा लें, तो उसको उस खाने से ज़्यादा फायदा होने के बजाये नुकसान होगा, और वह जो रोज़ तीन मर्तबा मामूल से खाया है उसको भी नुक्सान देह साबित होगा। इसी तरह मुबाशरत का भी एक उसूल कायम कर लें, दो महीने में कितनी मर्तबा की हिम्मत व कुव्वत रखता है। उस मुबाशरत करने का भी एक उसूल बनायें, मसलन पन्द्रह रोज में एक मर्तबा, या हफ्ते में एक मर्तबा कि जुमा के जुमा तय कर लें, तो बाकी दरम्यान के आयाम में फाअल मुबाशरत इख्तायार न करें।

शर्म व हया की ज़्यादती से मुबाशरत से मजबूर

बहुत से लोग शर्म व हया की ज़्यादती से फअल मुबाशरत पर कुदरत नही रखते, ख्वाह व शर्म व हया किसी भी वजह से हो इसके लिये बड़ा कामयाब ईलाज जो बहुत ही अजीब व गरीब व मुफीद अम्ल खास है व ईलाज मखसूस है मगर ये ईलाज सिर्फ हलाल के लिये ही करना है दूसरी हराम औरत के लिये हरगिज़ न किया कराया जाये, वरना उसका ईलाज करने और कराने वालों दोनों दोनों जहां में रुसवा ख्वार होगा, और दराइन की फिटकार में मुब्तला होगा। हलाल ज़रुरत मंद हज़रात ही मुझसे राब्ता कायम कर सकते है, मेरा पता ये है।

मुफ्ती मोहम्मद अशरफ, आफिस न० 281

ए० ब्लाक, बी० टी० ए० ले आउट, एच० एम० रोड क्रास, थर्ड स्ट्रीट लिंगराजपुरम, बंगलौर, कर्नाटक, इण्डिया– 560 084 फोन– 080–5469093

Md. Ashraf, H.M. Road cross, Street, Lingarajpuram, Banglore-560-084 Karnataka, India

Phone. 080-5489093

ज़ौजेन को औलाद की ख्वाहिश

अल्लाह तआला की कुदरत कामला कि औलाद तो हुई मगर लड़कियां ही लड़कियां पैदा न हों, हालांकि लड़के की चाहत शौहर से ज़्यादा बीवी को होती है कि किसी तरह लड़का पैदा हो जाये और उसके लिये हज़ारों बेकार हरकतें की जाती है। झाड़ फुंक टोने टोटके , तावीज़ गण्डे, नक्श पलीते किये कराये जाते है। लेकिन कुदरती असबाब जो मुसब्बब आला असबाब से सबब के तौर पर लड़का पैदा होने के लिये इख़्तयार किये जाते है उन असबाब से ऐसे ग़ाफिल व जाहिल रहते है कि उनको को करने का पता व ख्याल तक भी नही वरना कोई आमिल कामिल उसको बताता है । पस अल्लाह तआला की तौफीक़ से चन्द अमूर पेश करते है। उन अमूर पर लड़के की ख्वाहिश मंद अम्ल करें और अल्लाह तआला से भी बराबर मांगते रहें, हालांकि खुद रब ए कायनात ने अपनी पाकीज़ा किताब में इरशाद फरमाया है कि आसमानों व ज़मीनों का मालिक अल्लाह तआला है और वह जो चाहता है पैदा करता है, जिसको चाहता है लड़कियां देता है, और जिसको चाहता है लड़के देता है, और जिसको चाहता है लड़के भी लड़कियें भी देता है, और जिसको चाहता है बे औलाद बना देता है, पस आप असबाब इख़्तयार करें व कोशिश करें और मांगते रहे, यानि दुआ करें ये मुजर्रिब है ।

लड़का पैदा होने के हालात व औक़ात

मर्द औरत का बगलगीर होना जो नफस के लिये लज्जत के लिये होता है आमतौर पर उम्मीद के खिलाफ नतीजा निकलता है अगर यही अमल निहायत गौर व शऊर और वकफे के बाद इख्तयार किया जाये तो औलाद वालिदैन की मंशा के मुताबिक़ कादिर मुतलक की तौफीक व नवाजिश से पैदा होती है। उसके कुछ कवायद लिखे जाते है जिनकी पाबन्दी इख्तयार करने से लज़्ज़त हासिल होने में भी फर्क नही आयेगा, और उम्मीद भी पूरी होगी, इन असबाब को इख्तयार करें, इन्शाअल्लाह आपकी मुरादें बराअ होंगी।

लड़का पैदा होने के असबाब

लडका पैदा होने का एक ज़रुरी अमल ये है कि जब तक सही मायनों में रगबत और गलबा मुबाशरत कामिल न हो, मुबाशरत नही करनी चाहिये, जब जज्बात असली उभरे तो तब ही मुबाशरत इख्तयार करें, लड़का पैदा होने के लिये ये अमल निहायत ज़रुरी और मुफीद व मुजर्रिब है और अल्लाह से मांगतें हुए जरुर समझना चाहिये कि उस अमल से लडका पैदा हो और हमेशा उसी अमल पर कारबंद रहें।

मुबाशरत का बहतरीन वक़्त

मुबाशरत के लिये रात का वक्त बेहतरीन वक़्त है उस बेहतरीन वक्त का लिहाज रखना चाहिये और दिन भी मसरुफियत से रात को जागिये में खलाल वाक़अ न हो, उसके लिये ज़रुरी है कि दिन में थोड़ा बहुत आराम व नींद कर लें, उसके बावजूद भी रात को अव्वल हिस्से में आराम कर लिया जाये और रात के आखिर हिस्से में मशगूल मुबाशरत हों।

ये लड़का पैदा होने का एक सबब है

जैसा कि हमने ऊपर बताया है कि सबब इख़्तयार करना इंसान का काम है उन्हें सबबों में से एक सबब ये है कि महीने में एक खास वक़्त ऐसा भी आता है जिसका औरतों को ज़रुर ख्याल रखना चाहिये, वह वक़्त औरतों के लिये ऐसा है जैसे जानवरों में उसकी मादाओं में हरारत का ज़माना होता है। हैज से फारिग होने के बाद रग़बत ज़्यादा होती है। कुछ औरतों को ये ख्वाहिश पूरे माह भी रहती है। ऐसी औरतों को हम्ल औलाद नरीना का जल्द नम्बर जाता है। औरतों को ये ख्वाहिश हैज़ के बाद फौरी तौर पर रहती है फिर एक हफ्ते के बाद उसका असर नही रहता। हैज से फारिग होने के बाद जिस कद्र जल्दी हमल ठहरेगा उसी कद्र कुवी उम्मीद है कि लड़का पैदा होगा और अगर ज़्यादा ताखिर से हम्ल ठहरेगा तो मोनिस लड़की के इमकान ज़्यादा होता है।

लेकिन उसके खिलाफ भी हो सकता है, और हुआ है। मगर कम ही चंद ही वाकआत होते है, कि हैज के बीस दिन गुज़र जाने के बाद मुबाशरत से लड़के का भी हम्ल ठहरा है। ग़र्ज़ उस सिलसिले में औरतों की मुख्तलिफ हालत है उस तमाम तफसील के लिखने का मतलब ये है कि हर वह औरत जो लडकों की मां बनना चाहती है उसको चाहिये कि एक दो महीने अपने मिजाज़ की कैफियत व हालत का गौर से ख्याल करे और जाने के हैज के दिनों के बाद किस वक्त कुदरती ख्वाहिश का गलबा होता है पस उस वक्त का ध्यान में रखकर अमल किया जाये।

लड़कियों के पैदा होने का सबब

लड़कियों के पैदा होने के असबाब में एक बड़ा सबब ये है कि ज़बरदस्ती बार बार मुबाशरत की जाये, खास तौर पर जबकि शौहर की रग़बत हो और बीवी की ख्वाहिश न हों।

हर शौहर को यह सबक़ समझ लेना चाहिये

बाज ताक तौर शौहरों की वजह से औरत को फअल मुबाशरत पर मजबूर होना पड़ता है और औरतें ये ख्याल करती है, कि हम शौहरों की नज़रों में इताअत गुज़ार फरमाबरदार रहें, और शौहर हमारी मना करने की वजह से दूसरी जगह मुंह काला न करे, यानि ज़िना न करें, ऐसी औरतें सेहत के एतबार से बरबाद हो जाती है और औलाद बनने का मादा कम हो जाता है और इसतक़रार हम्ल भी नही रहता है।

जो शौहर अपनी मज़ा के खातिर बीवी की सेहत खराब करता है वह एक जानवर से भी कम अक्ल है। इसलिए कि हर जानवर अपनी मादा को जबकि वह मिलने पर रज़ामंद न हो मजबूर नही करता, सब जानते है कि जानवरों में गाय, व भैंस, बकरी, घोड़ी, वग़ैरह यानि मादा जानवर महीने में एक मर्तबा जफती करें तो हम्ल क़रार पाता है। बहुत से हर रोज़ मुबाशरत करते है, ये सही नही है मर्द की मनीअ का कीड़ा जब औरत के हैज़े के साथ मिलता है जब ही इसतक़रार हम्ल होता है ऐसा न हो तो हरगिज़ हम्ल नही ठहरेगा, और यह उस वक़्त होता है जबकि एक साथ दोनों तरफ से मनीअ खारिज हो।

इन अयाम में मुबाशरत लड़के के लिये मुनासिब है

मादा जनीनं हर माह में एक मर्तबा हो तीन चार रोज़ माहवारी आने से पहले और तीन चार रोज़ माहवारी के बाद जारी होता है। जिन दिनों में वह खारिज होता है तो औरत को मुबाशरत की चाहत

बहुत होती है। शौहर को उन अयाम में जरूर मुबाशरत करनी चाहिये, ज्यादा से ज्यादा उन दिनों में जरूर रोज मुबाशरत करे । अल्लाह उल कवी कुव्वत व ताकत दें तो उन दिनो में मुबाशरत करने से वह रगबत का दिन भी मालूम हो जायेगा।

लड़का पैदा होने के लिये ये तजुर्बात है

लड़का और लड़की पैदा होने के लिये मनीअ की कुव्वत जानी जाती है कि अगर शौहर की मनीअ औरती की मनीअ पर कुव्वत रखती है तो लड़का होगा और औरत की मनीअ गलबा रखे तो लड़की का हम्ल कायम होता है।

अकसर लड़के की पैदाईश औरत के रहम की दाहिनी तरफ होती है और लड़की की बायीं तरफ होती है उसके बर खिलाफ भी हो सकता है। मगर बहुत कम।

बाज हुक्मा ए इकराम ने ये भी फरमाया है कि मर्द औरत में से जिसकी मनीअ रहम में पहले पहुंचेगी कि अगर मर्द की मनीअ औरत की मनीअ से पहले पहुचेगी तो लड़का होगा और अगर औरत की मनीअ पहले पहुचेगी मर्द की मनीअ बाद को तो लड़की होगी।

और मर्द औरत में जिसकी मनीअ कलील व रफीक होगी यानि थोड़ी और पतली चाहे बाद कि चाहे पहले पहुंचे तो नर मादा का यही फर्क हो जायेगा। जब औरत से हैज़ से फारिग हो जाये उसी रोज मुबाशरत करें तो लड़के का हम्ल ठहरता है और अगर दूसरे दिन मुबाशरत करें तो लड़की का हम्ल ठहरता है। और तीसरे दिन मुबाशरत करें तो लड़के का हम्ल ठहरता है। इसी तरह चौथे दिन लड़की का, पांचवे दिन लड़के का, यानि अगर ताक दिनों में मुबाशरत से लड़के का हम्ल ठहरता है और जुफत दिनों में मुबाशरत से लड़की का हम्ल ठहरता है ताक व जुफत का हिसाब औरत के हैज के पाक होने के दिन से लगेगा।

इन तदबीरों के साथ साथ कुछ दवाऐं भी इस्तेमाल की जाती है किअगर उनको इख्तयार किया जाये तो इन्शाअल्लाह लड़के का हम्ल करार पायें औलाद के ख्वाहिशमंद उस दवा को इस्तेमाल करने के लिये खत व किताबत कर सकते है, या मुलाकात , पता ये है:

मुफ्ती मोहम्मद अशरफ, आफिस न0 281

ए0 ब्लाक, बी0 टी0 ए0 ले आउट, एच0 एम0 रोड क्रास, चर्च स्ट्रीट लिंगराजपुरम, बंगलौर , कर्नाटक, इण्डिया– 560 084 फोन– 080–5489093

Md. Ashraf, H.M. Road cross, Street, Lingarajpuram, Banglore-560-084 Karnataka, India

Phone. 080-5489093

इंसान सबब इख्तयार करके अच्छी औलाद पैदा कर सकता है

हमने ये बात मुख्तलिफ मकामात पर अपनी किताब "पोशीदा राज़" में भी कही और पीछे भी अर्ज की है कि आदमी का अकीदा सही हो कि ये दुनियादार आला सबब है । अल्लाह मु स ब ब आला सबाब इंसान मसई आला सबब है इंसान अगर चाहे तो मुसबब आला सबब से रजूअ होकर सबब इख्तयार करके अच्छी अच्छी औलाद पैदा कर सकते है और अल्लाह तआला को मुकम्मल इख्तयार है कि अगर वह चाहे तो इंसान के सबब को जानदार बनाकर नवाज़ दे।

सब कुछ अल्लाह तआला की कुदरत कामिला व हिकमत बालिग़ा पर मुनहसर है जैसा कि हम ने तहरीर किया है अल्लाह

तआला गलत अकीदों से से हिफाजत फरमाये. मुतअला फरमाये. हजरत इमाम फाजि' नजमुद्दीन हसफी ख्वारजमी की साहिबजादी के एक ऐसा बच्चा पैदा हुआ कि सर उसका मस्ल आदमी का था और बाकी बदन सांप की तरह वह बच्चा मां का दूध पीकर होज में बैठ जाता कुछ वक्त इसी तरह गुज़रा , उसके बाद हजरत मुफ्ती व काज़ी वक्त ने उसका कत्ल होने का फतवा दिया , बहरहाल उसको कत्ल कर डाला जब उस बच्चे के बारे में मालूम किया गया तो साप का खौफ बवक्त अनाज़िल होना बयान किया उसके अलावा दूसरी वजह ना बताई, इस वाकए को सामने रखकर हर इंसान इबरत व सबक हासिल करे और अनाज़िल के वक्त अच्छा तसव्वुर लाकर औलाद के अच्छे होने का ख्याल लायें।

दूसरा अजीब वाकेआ

एक ऊंचे दर्जे की औरत अपने महल में शान व शौकत के साथ बैठकर अपने पांव में सुई और रोशनाई से कुछ नक्श व निगार गोद कर लिख रही थी उस खातून औरत के शौहर ने देखा और हंस कर पूछा ये क्या बेकारी की जहमत तकलीफें उठा रही हो बीवी ने जवाब दिया इसलिये ताकि मेरे पैदा होने वाली औलाद के भी यही निशान निकल आवें , और मेरी औलाद के पास मेरी निशानी रहे, कुछ अरसे बाद एक लड़का पैदा हुआ उसके पांव में भी निशान मौजूद था । ये लड़के थे हज़रत मोहम्मद जलालुद्दीन अकबर बादशाह गाज़ी और खातूने उनकी वालिदा मुहतरमा थी, ये भी एक सबक आमूज वाकिआ है उससे सबक हासिल कर लेना चाहिये।

तीसरा अजीब वाकिआ

एक खातून तस्वीर दार कपड़े पहनकर रोज़गार कारोबार किया करती थी. उसको बार--बार हिसाब व किताब करने का इत्तेफाक

होता था। उस खातून की भी यही चाहत थी कि मेरी औलाद हिसाब व किताब में एक ऊचा मकाम रखे, कुछ अरसे के बाद उसके एक बच्चा पैदा हुआ, जिसका नाम जैरागोलबरन था जो हिसाब में बहुत ऊंचा गुजरा है तमाम इल्म रियाजी रखने वाले उनसे वाकिफ है।

चौथा अजीब वाकेआ

एक औरत के बिल्कुल काला स्याह लड़का पैदा हुआ, उसको शौहर को अपनी बीवी से बदगुमानी पैदा हो गई और अदालत तक जाने की नौबत पैदा हो गई।

अदालत ने कुछ हकीमों को बुलाया और हकीमो से उस बारे में तहकीकात ली, तहकीक से औरत का कसूर साबित नही हुआ फिर तहकीक व तफशीश की गई तो पता चला कि बेडरुम में एक हब्शी स्याह फाम की तस्वीर लटकी हुई थी जिसको अकसर देखने से ऐसा बच्चा पैदा हुआ जो मसल हब्शी का था।

अहल कलम ने इस उसूल को माना है कि हम्ल के शुरु में दोनों में या पहले जिस तरह के असर मां के जरिये बच्चे पर डाल सकते है वह पड़ता है ख्वाह वह असर जिस्मानी हो या अखलाकी या रुहानी।

पांचवा अजीब वाकेआ

यूनान के बादशाहों में से एक बादशाह हुआ इन्तहाई काला कलूटा और बुरी औरत का था। उस बादशाह की चाहत थी कि मेरे यहां एक बच्चा पैदा हो जो शक्ल व सूरत का खूबसुरत हो । इस मकसद के लिये उसने हकीमों जालीनूस से जो उस जमाने का सबसे बुड़ाना अमूर हकीम था अर्ज़ किया तो हकीम जालीनूस ने मशवरा दिया कि तीन अच्छी तस्वीरें बनाई जायें और घर में तीन जानिब रख दी जायें और बीवी को कहो कि वह इन तस्वीरों को

देखा करे और बादशाह ने हकीम साहब के कहने के मुताबिक अम्ल किया, फिर उस बादशाह के यहां इन्तहाई खूबसुरत लड़का पैदा हुआ।

इस वाकेए में तस्वीर लगाने का जिक्र है। मगर हदीस शरीफ में आता है कि जिस जगह जानदार की तस्वीर फोटों होता है उस जगह अल्लाह की रहमत के फरिश्ते दाखिल नही होते इसलिए मुहम्मद अशरफ अमरोही मशवरा देते है कि मुबाशरत के वक्त अच्छी सूरत व सीरत का ख्याल तसव्वुर बांधा करें ताकि औलाद भी अच्छी सीरत व सूरत की पैदा हो।

छठा मुफीद वाके़आ

उलामा इमाम फखरुद्दीन राज़ी रह0 अल0 के वालिदैन बा वक्त इनाज़िल अच्छी शक्ल व सूरत सीरत का तसव्वुर करते हालांकि वह खुद खूबसुरत नही थे जिसका नतीजा ये निकाला इमाम फखरुद्दीन राज़ी अच्छी शक्ल व सूरत के पैदा हुए लोग भी हैरान हुए और तआज्जुब किया कि और निहायत खूबसुरत पैदा हो लोग वालिदैन के हुस्न व जमाल के तसव्वुर से बे ख्याल थे, अल्लाह तेरी शान अजीब तर तेरी कुदरत अजीम तर।

ये हर ज़ोवजैन की ख्वाहिश होती है

हर वह इंसान जो औलाद वाला बनना चाहता है और अल्लाह तआला उन को औलाद इनायत करे वह ज़रुर उस बात के आरज़ूमंद होते है कि उसकी औलाद नेक हो, बुरी न हो, अक्लमंद हो, बे अक्ल न हो, तंदरुस्त हो, बीमार न हो, हंसमुख हो, तरश रो न हो, खूबसुरत हो, बदसुरत न हो, चुस्त हो, सुस्त न हो, चालाक हो बुद्धु न हो, ताकतवर हो, कमज़ोर न हो, फरमाबरदार हो, नाफरमान

न हो, फयाज़ हो, बखील न हो, या अखलाक हो, बद अखलाक न हो, या आदाब हो, बे अदब न हो, सच्ची हो, झूठी न हो, लेकिन कुछ लोग ऐसे होते है कि साहब औलाद होने के बावजूद अपनी औलाद को ऐसा बनाने की कोशिश करते है? जैसा कि यह उनके बनने की आरजू करते है। लेकिन जाहिल व गाफिल होने की वजह से उन चीज़ों पर कुछ भी समझ नही रखते ।

ये सोचने व अम्ल करने की बात है

आज वह जमाना है कि तहज़ीब ख्याल किये जाने वाले मुल्कों में जानवरों की नस्ल को तरक्की देने और कोशिश करे उम्दा फल व फूल पैदा करने के सिले में ईनाम दिया जाता है । पौधों, दरख्तों, व जानवरों की हालत में तरमीम व तबदीली करके व इसलाह करके बडी बड़ी नुमायश व जलसे किये जाते है। तो क्या इंसानों के बच्चे की हालत की इस्लाह के लिये जिस को इशरफुल मखलूकात होने का फख्र हासिल है, वह कुछ भी न करे लिहाज़ा ज़रुरी है हम्ल ठहरने के वक्त से ही कि उसी वक्त से बच्चे की फितरत की बुनियाद पड़ती है और उस बच्चे की तबियत व खसलत व शक्ल व सूरत पर असरात पड़ने शुरु हो जाते है।

अन्दाज़ ए ज़िन्दगी क्या हो ?

जो लोग सेहत की हिफाज़त के उसूल की पाबन्दी करते है कि खाने पीने में एतदाल हो, महनत व आराम में वक्त की पाबन्दी हो, सफाई व सुथराई, में बदन व रुह की पाकीज़गी का ख्याल रखें, तो उनकी औलाद तन्दरुस्त व हसीन जमील पैदा होती है।

शादी कहां करें ?

शादी कहां करें ? उसका पूरा जवाब तफसील से "पोशीदा राज़" किताब में लिख दिया है चूंकि ये बात बहुत अहम है, मुख्तसर

अल्फाज़ में इशारा करता हूं कि ज़ोवज़ैन मुख्तलिफ मिजाज के हों और निहायत लियाकत मंद हो और मुख्तलिफ कौम मुख्तलिफ नस्ल के हों तो उनसे औलाद ज़्यादा लायक पैदा होती है बर खिलाफ नज़दीकी रिश्ते दारी से औलाद आमतौर पर अच्छी सेहतमंद नही होती।

अय्याशी पन अच्छा नही है

जो लोग अय्याशी और बे एतदाली की ज़िन्दगी इख्तयार करते है उनकी औलाद पैदा ही नही होती और अगर होती भी है तो खूबसुरत लियाकत मंद पैदा नही होती और खूबसुरत लियाकत मंद पैदा होने के लिये ज़िन्दगी को एतदाल के साथ इख्तयार करना चाहिये जैसा कि मैंने अर्ज़ किया था कि ऐश परस्तों के यहां लड़कियां ज़्यादा पैदा होती है, ये सही तजुर्बा की बात है कि ऐश परस्त लोग लड़को की नेमत से महरुम रहते है।

मुबाशरत के वक्त की हालत

मुबाशरत उस वक्त करनी चाहिये जब दिल व दिमाग सकून से राहत हो, या कोई बड़ा सदमा रुह या बदन में ऐज़ा रसाल न हो, तो ऐसी हालत की मुबाशरत से जो हम्ल ठहरेगा उसका नतीजा बहुत उम्दा होगा, और अगर खौफ वह दहशत व मायूसी रजं व गम सवार होने के वक्त की मुबाशरत से नतीजा भयानक व खौफनाक होगा, और मुबाशरत की हालत में ज़ोवजैन तन्दरुस्त न हो तो औलाद की सेहत खराब होने के लिये इतना ही काफी है।

इस बात का ख्याल रखना चाहिये

जो लोग रातों को जागने के आदी है, टी० वी० वगैरहा का मुनाज़रा देखते है या दोस्तों की महफिलों में रातों को बहुत देर तक बैठे रहते है और नींद व थकन में मुबाशरत करते है तो उनकी

औलाद कमजोर बदन और कम अक़्ल पैदा होती है। इसी तरह शराब पीने वाले और नशा करने वाले की नशा की वक्त की मुबाशरत से पैदा होने वाली औलाद बे अक्ल दीवानी या मिर्गी की बीमारी में गिरफ्तार होने वाली पैदा होती है, उसके बर खिलाफ रुह में तरो ताज़गी पैदा करने के मकाम पर या चमन ,दिल बहार मकाम पर मुबाशरत से जो औलाद होती है वह हसीन व जमील पैदा होती है।

ख़ूबसुरत औलाद पैदा होने का सबक़

हामला औरत को ज़रुरी है कि वह शुरु हम्ल से हसीन व जमील शख्सी की तस्वीर पर अपनी करीब रखे कि वह हसीन व जमील भी हो अच्छी सीरत व होशियार , अक्लमंद भी हो, मुबाश..। के वक्त खास तौर पर अनाज़ल कयोकत व तसव्वुर करे, उसकी मुनासबत से उसकी दिलरुबाई पर उसकी फरारत पर बड़ा ख्याल जमाती रहे और उसका तसव्वुर करते करते ऐसा नक्श जमा लें कि गोया वह उसके बदन का एक हिस्सा बन गया है तो नतीजा ये होगा कि बाग उम्मीद है ऐसा ही पैदा होगा।

ज़रुरी मसला किसी जानदार की तस्वीर पर लेना, बनाना, रखना, शरीअत इस्लाम में मना है, और उस मसले की वजाहत अपने उलेमा कराम से मालूम करें, कि सिर्फ चेहरे का फोटो लेना कैसा है? वगैरहा वगैरहा ।

इन्तहाई मुफीद सबक़

अगर औलाद को हकीम, डाक्टर, आलिम, फाज़िल, वगैरहा बनाना हो तो औरत को हम्ल के शुरु अय्याम में ही दिन रात उसी तरह की किताबों का मुताअला करना चाहिये, जिस नज़रयात का ख्याल है और अपनी पूरी तवज्जों उसी तरफ फेर दे और भी बातों को खूब समझों मसलन अगर बच्चे को हिसाब दां बनाना है तो हम्ल

के जमाने में वलादत तक हिसाब व किताब का मशगला रखें।

अगर बच्चे को दिली सिफत बनाना है तो हराम अशया से बिल्कुल परहेज करें, कुर्आन मजीद की तिलावत ज्यादा करें, और हामला औरत अकसर बा वजू रहें, सीरत रसूलल्लाह स० अ० व० व सीरत साहेबा रजि० अ० अजमईन पर गहरा मुताअला करे, बुजुर्गान दीन औलिया अल्लाह की जिन्दगी और उनके तकवे को मुताअला में लाये, दिल की हर किस्म की कुदरत से पाक रखे, सुन्नतों की पाबन्दी से भरपूर अहतमाम हो तो जरुर अल्लाह तआला ऐसी औरत की गोद से दिली सिफत पैदा फरमायेगा। और अगर अपनी औलाद को बहादुर बनाना है तो नबियों व रसूलल्लाह व सहाबा कराम वलियों व बहादुरों की बहादुरी के बाकी से मुताअला करें, आपका बेटा भी मुजाहिद व बहादुर बनेगा। अगर अपनी जैसी औलाद होने की तमन्ना है तो हामला औरत अपनी सूरत रोजाना सोकर उठने के बाद शीशे व आयने में देखा करें।

मजीद कुछ तफसील "पौशीदा राज" मे मुताअला करें, फकत व सलाम।

जादू की वजह से औलाद से महरुमी

बाज़ लोगों को औलाद से महरुमी सहर की वजह से होती है। यानि कोख बंधवा दी जाती है जिसकी वजह से हम्ल नही ठहरता है हालांकि तन्दरुस्ती के ऐतबार से ज़ौवजैन बिल्कुल सही होती है और ऐसी हालत में कोई डाक्टरी, ईलाज भी कारगर नही होता, कि दवा के जरिये बंदिश खत्म हो और ये कोख बन्दी कई तरह की होती है। जिसकी मुख्तलिफ अलामतें है। एक अलामत होती है कि शौहर की मनीअ औरत को छूने से पहले ही निकल जाती है या कभी ऐसा होता है कि शौहर को मुबाशरत के वक्त औरत का दबदबा व रुआब चढ जाता है या आला तनासुल में इन्तशार ही पैदा नही होता,

वगैरहा वगैरहा।

इसलिए उसका ईलाज किसी अच्छे आमिल से करायें जो कि अकीदे व इल्म व अम्ल का सही हो, ज़रुरत पड़ने पर मुझ से भी राब्ता कायम कर सकते है लेकिन शौहर का नाम उसकी मां का नाम, बीवी का नाम, उसकी मां का नाम, और कितने साल से है लिख कर रवाना करें जवाबी खत में पता ये है–

Md. Ashraf, Off No. E Block B.D.A. Layout H.M. Road, Cross,Church Street.
Lingarajpuram, Banglore-560-084 Karnataka, India Phone. 080-5489093

हामला औरत को बहुत अहतियात की ज़रुरत है

जब औरत को हम्ल ठहर जाये अपनी हिफाज़त के साथ जनीन का भरपूर ख्याल रखे, मसलन हमल की हालत में ज्यादा गर्म अशया या ज्यादा ठण्डी चीज़ें न खायें।

तजुर्बेकार हकीम कामिल के मना करने पर रोज़े न रखें, अगर व नुकसान बतायें और हमल की हालत में देर हज़म गिज़ायें खाने से और कय करने से और जुलाब लेने से और तेज़ रफ्तार चलने से और उलटा सोने से इसलिए उस हरकत से बच्चे जनून या मिर्गी वाला पैदा होता है। ज्यादा सोने से बच्चा मोटा और गूंगा पैदा और मर्ज़ जिरयान वाला पैदा होता है और बहुत ज्यादा खट्टा खाने से जज़ामी पैदा होता है और मुस्तकबिल बहुत ज्यादा नमकीन खाने से सर की बीमारी वाला पैदा होता है बुरे काम करने से बुरा अच्छा काम

करने से अच्छा पैदा होता है।

बहारहाल हामला औरत को उन चीज़ों से बचना चाहिये। शिद्दत फअल मुबाशरत यानि हरकत की ज़्यादती से, वज़न उठाने से रंज व ग़म व गुस्से न करे, इस्तनजा व बैतुलखला की हाजत रोकने से और हामला औरत को जिन दिनों में हैज आता था उन दिनों में बहुत अहतियात रखनी चाहिये, अगर उन दिनों में वे एतदाली की तो हम्ल गिरने का सख्त अंदेशा है। हामला औरत को रोज़ हज्म और मकवी खाना खाना चाहिये और हालत हमल में चने, तिल, व वहशनाक आवाज से और बू सूंघने से और जो चीजें जनीन को हरकत में लायें उनसे बचना चाहिये और किसी बीमार की कराहट और रुह निकलने की हालत को न देखे, वहशत पैदा करने वाली तस्वीरों से दूर रहें, गन्दगी हवाओं से बचें, कब्ज न होने दे, अगर कब्ज हो जाये तो तेज असर दवा इस्तेमाल न करें, बल्कि दूध में शीरीं बादाम का तेल दस माशा डाल कर पीयें, या गुलकंद इस्तेमाल करें, और ईलाज करायें, बहुत कम मजमून पर खत्म करके उस किताब को पूरा करने का इरादा है बला खरनू महीने में हामला की गिजा–

जब हामला को नवां महीना शुरु हो जायें तो हामला हर दिन दस माशा रोगन बादाम शीरीन, सुबह के वक्त पी लिया करें, चिकनी रोगनी गिजाएं ज़्यादा खायें, इन्शाअल्लाह तआला वलादत बड़ी आसानी से होगी।

विलादत की आसानी के लिये कामयाब अमल

विलादत की आसानी के लिये नायाब मुफीद अम्ल है कि थोड़े से गड़पर अमीस्ता, और वालस्मा, व तारिक पूरी सूरत पढ़कर हामला

को खिला दें आधे घण्टे के अंदर अंदर बच्चे की विलादत हो जायेगी और तकलीफ न होगी।

अगर इस सिलसिले में मजीद अमलियात देखना हो तो हमारी किताब "पोशीदा ख़ज़ाने" जो अमलियात की किताब है, मुताअला करके फैज उठाएं, किताब दस्तयाब न होने पर मुझे इत्तेला दें। पोशीदा खज़ाने 40/–रुपये उसका हदिया है।

जिस औरत के मुश्किल से विलादत होती है

बच्चे की विलादत में जिस औरत को बहुत ज़्यादा दुश्वारी होती हो और दर्द हो तो ये गोली खिलाएं, निहायत मुजरिब और मेरी आज़माई हुई है और इन्तहाई मुफीद है जाफरान चार माशे, पीसकर गाढ़े में मिलाकर पिलाएं और ऊपर से गर्म पानी या दुध पिलाएं और अगर हो सके तो गोली के ऊपर मुर्ग के गोश्त का शोरबा पिलाएं तो बहुत जल्द विलादत हो जाती है।

हम्ल से रोकने की तदबीरें व तरकीबें

बाज मर्तबा ऐसा होता है कि मर्द को ख्वाहिश ज़्यादा है और औरत को कम बीवी इन्तहाई जईफ व नहीफ है या औरत कम उम्र है या उसकी जान को खतरा है और उस बात का खौफ है कि अगर मुबाशरत करोगे तो हम्ल ठहरेगा और जब हम्ल ठहर जायें तो औरत बीवी हलाक हो जायेगी। या दुध पीता बच्चा गोद में उस हालत में मुबाशरत करने से हम्ल ठहर जायेगा और जब हम्ल ठहरने से दुध खराब हो जाता है। तो बाज़ मर्तबा बच्चा दुध पीकर मर जाता है और शौहर मुबाशरत करने से मजबूर है तो शौहर को चाहिये कि

उस तरह पर मुबाशरत करे कि हम्ल न ठहरें और शहूत की आग ठण्डी हो जायें ।

हामला न होने की तरकीबें

यह शक्लें व तरीकें जिससे मुबाशरत करने से औरत हामला नही होती है मुबाशरत के वक्त औरत को न बहुत लिपटाऐं न चिमटाएं न नुकते बाजी छेड छाड करें ताकि औरत की तबियत चाहे न उसकी रानों को ऊंचा उठायें अनाज़ल के वक्त जहां तक हो सकते आला तनासुल को बाहर की तरफ निकला हो, और इस बात का भी ख्याल रखें, कि दोनो का अनाज़िल एक साथ न हो, और अनाज़िल होने के बाद जल्दी अलग हो जाना चाहिये, औरत भी जल्दी खड़ी हो जायें और सात मर्तबा आगे की जानिब कूदे और छींक लें ताकि मनीअ बाहर निकल जायें, साढ़े सात तौला अरक तुलसी पी लिया करें तो हम्ल न ठहरेगा।

बाज़ हुकमा ने बयान किया है कि मनीअ के फूलों को पानी में घोंट कर माहवारी के बाद पी जाया करें, तो हम्ल न टिके, अगर शौहर मुबाशरत से पहले आला तनासुल पर नीम का तैल लगा लिया करें तो फिर मुबाशरत करें तो हम्ल नही ठहरेगा। अगर औरत आंख बंद करके अरण्ड का एक दाना हैज के फारिग होने के बाद खाले तो हम्ल न ठहरेगा।

नसबन्दी कराने से मुताअल्लिक लब कशाई

नसबन्दी बायें मअनी करना कि अफलास व तंगदस्ती का खौफ रखे कि फाखा कशी का मुंह देखना पडेगा और राहत आराम व ऐश

व इशरत में फर्क व कमी आ जायेगी तो ये हराम है इसलिए कि अल्लाह तआला ने खुद इरशाद फरमाया है कि "नहन नरज़ुकुम व आयाहुम" एक दूसरी जगह इरशाद फरमाया है "नहन नरज़ुकुम व आयाहुम" मतलब ये है कि हम तुम्हें भी और तुम्हारे पैदा होने वाली औलाद को भी रिज्क हम देगें। बल्कि अल्लाह तआला का जिस तरह अल्लाह नाम है उसी तरह का नाम रिज़्क भी है। यानि रिज़्क देने वाला तो रिज्क देने की जिम्मेदारी तो खुद उसने ली है बल्कि खुद अल्लाह तआला का इरशाद है कि तमाम चौपाईयों जानदार जानवरों को रिज्क देने की जिम्मेदारी ली है। बच्चें मां के पेट में तशरीफ लाने से पहले ही उसका इंतज़ाम कर दिया जाता है । इस बुनियाद पर नसबन्दी कराने हम्ल होने से रोकवाना मना है। उसके जज़ियात की तफसील व तशरीह अपने उलेमा कराम व मुफ्तयान अजाम से मालूम करे वरा मैं तो सिर्फ इतना अर्ज़ करता हूं कि नसबन्दी कराके बच्चे दानी निकलवा कर बहुत सी मर्तबा ऐसा होता है कि जो औलाद पैदा हुई थी वह मर गई फिर उस औरत में हम्ल ठहरने की सलाहियत नही रही, या बाज़ मर्तबा ऐसा भी हुआ है और हो सकता है कि उस नसबन्दी की हुई औरत के शौहर का इंतकाल हो गया अब उस औरत का निकाह सानी की मोहताजगी वाकए हुई और दूसरा शौहर उन बच्चों को साथ में लेने को तैयार ही नही है अब उस दूसरे शौहर को औलाद की जरुरत होती है उसने पहले शौहर की मौजूदगी में नसबन्दी करा ली है औलाद होने की सलाहियत वासतअद उसमें बाकी नही रही उस मौके पर अल्लाह तआला की नज़रों से भी गिरी और अपने दूसरे शौहर की नज़रों से गिरी औलाद भी दूर हुई, इन मौकों को सामने रखते हुए और नतीजे के पेशे नजर गौर करना चाहिये ताकि रुसवाई और गुनाह से बचा जा

सके .हम्ल से बचने के आरजी व वक्ती असबाब इख्तयार किये जा सकते है जिनकी मुख्तलिफ तदबीरें है और मैंने उनको तफसील के साथ लिख दिया है , अब मेरे अरहमर्राहिमीन से दुआ है कि अल्लाह रज्जाक हमें अपने वादों पर यकीन कामिल फरमाये. दोनों जहां की जिल्लत व रुसवाई से बचाकर अमन व अमान व सलामती व सुर्ख़ रुई अता फरमायें आमीन या रब्बुल आलिमीन।

बार बार हम्ल गिरना

बाज़ औरतों को हम्ल गिरने के सबब असरात जिन्नाती व शैतानी होते है और वह औरतें मजबूर और तंग होकर गलत सलत उलटे किस्म के टोने टोटके करती व कराती है . बिअदत व शिर्क को इख्तयार कर लेती है और अगर वाकई असरात की बुनियाद पर हम्ल गिरता हो तो उसका ईलाज करायें, सही ईलाज न होने पर या न कर सकने पर मुझसे तआल्लुक कायम फरमायें।

जरुरी नोट– खत व किताबत करने वाले हजरात अपना पता साफ पिन कोड नम्बरों के साथ जवाबी खत डाले और मजनूना खातून का नाम और उसकी मां का नाम लिखकर रवाना करे ताकि ईलाज करने में दुश्वारी न हो।

हम्ल किस तरह ठहरता है व जनीन की हालत

जब मर्द औरत को एक साथ अनाजिल होता है तो हम्ल ठहर जाता है और दोनों की मनीअ मिलकर एक मिजाज पैदा करती है फिर उससे चार नुक्ते हयात के मानिंद ज़ाहिर होते है एक दिल की

जगह, दूसरा दिमागकी जगह, तीसरा जिगर की जगह, और चौथा नुकता उन तीनों को घेर लेता है ये शक्ल एक हफ्ता में तैयार होती है बात मुख्तसर करता हूं।

अगर लड़का है तो जल्दी और लड़की हो तो देर में पैदा होती है जनीन बच्चे दानी में दोनों जानों पेट से मिलाए हुए बैठा रहता है। दाहिनी हथेली दाहिने ज़ानों पर सर दोनों ज़ानों पर रखे हुए होता है उस तरह कि नाक दोनों ज़ानों के दरम्यान होती है और पांव की एड़ियां खड़ी होती है, मुंह मां के पेट की तरफ होता है।

मां के पेट के अन्दर के बच्चे को जनीन कहते है . औरत की मनी में छोटे छोटे केसे होते है और मर्द की मनीअ में छोटे छोटे करम होते है । ये जब दोनों मिल जाते है तो हम्ल ठहरता है और मर्द की मनीअ का कीड़ा औरत के केसे में घुस जाता है और वहीं गायब होकर अल्लाह तआला की कुदरत से नुतफा करार पा जाता है उसी को हम्ल ठहरना कहते है। सेहत के सही होने के साथ साथ उसमें जान पड़ती है और बढ़ते बढ़ते आज कुछ कल कुछ होकर इंसान की शक्ल इख्तयार कर लेता है । सुबहानल्लाह क्या खालिक जुलजिलाल की शानों शौकत है कि एक नापाक कतरे से कैसे खूबसुरत खुश शक्ल इंसान को अजीब खलकत से पैदा फरमायाया और फिर खुद ही फरमाया "लकद खलकनल इंसान फिह अहसान तकवीम" हमने इंसान को बेहतरीन सांचे में पैदा किया है, यानि ढाला है।

वे इख्तयार उसका मुंह चूमने को दिल करता है जिसको हजरत शेख सादी अ० र० ने खूब फरमाया है दहद नुतफा रा सूरत चूं परी कि करदास्त बर अब सूरत गिरी।

मनीअ यानि तख्म इंसान की पहचान

मनीअ यानि जिससे बच्चे पैदा होते है या इंसान का तखम कहो तो उस मनीअ की पहचान ये है कि मर्द की मनीअ गाढी लसदार

और चिपकी होती है और सफेद रंग की होती है और चमकदार होती है अगर किसी कपड़े पर गिर जाये तो मक्खियां उस पर बैठती है और चाटती है, मनीअ की बू चमेली के ज़र्द फूलों की सी होती है यही मनीअ की पहचान है । अगर मनी ऐसी न हो जैसे हम ने बताया तो समझ लो मनीअ में कमी है । फिर ये मजकूरा अलामत पैदा करने के लिये ईलाज कराना चाहिये। और औरत की मनीअ पतली होती है गाढी नही होती , जर्दी माएल होती है सफेद नही यानि औरत की मनीअ में पतला पन और पीलापन होता है।

एक गलत फहमी की सफाई

बहुत से लोग औरत की मनीअ को मानते ही नही, हालांकि सच व हक बात ये है कि औरत की मनीअ भी होती है और औरतों को भी अहतलाम व अनाजिल हीं की वजह से अनाजिल होने के बाद मर्द की तरह औरत के भी जज्बात ठण्डे पडते है जिस तरह मर्दों के खिस्से होते है औरतों के भी खिस्से होते है अगर औरतो की मनीअ नही होती तो औरतों की खिस्सों की पैदाईश बेकार हो जाती, मनीअ ही की वजह से औलाद कभी बाप की कभी मां की शक्ल पर होती है । कुरान करीम से "अलनिस्सान मिम खलक मिन माअ दाफिक यखरुज मिन बयनिल सलबी वलतराईब" इंसान को इस बात पर गौर करना चाहिये ये इंसान एक उछलते हुए पानी से बनाया गया है, यानि मनीअ से जो मर्द की पीठ से और औरत के सीने से निकलता है।

यही वजह है कि बाप का जो एज़ा कमज़ोर होता है, बेटे का भी अकसर वही ऐज़ा कमज़ोर होता है ये उस वजह से है कि मनीअ तमाम एज़ा टपक कर आती है।

ज़ौवजैन की मनीअ से औलाद बनती है

तजुर्बा कारों का कहना है कि मनीअ के कीड़ें अनाज़िल होने के कुछ देर बद तक ज़िन्दा रहते है खास तौर पर औरत के एजा मखसूस के अन्दर बहुत देर तक ज़िन्दा रहते है, मतलब ये है कि जब मर्द की मनीअ के कीड़े औरत के कीसे से मिल जायेंगे तो हम्ल ठहर जायेगा।

अगर औरत बे हया हो जाये

अगर औरत बे हया हो जाये या ख्वाहिश का बहुत भड़काऊ हो जाये और शौहर से ख्वाहिश पूरी न होने की वजह से नाराज़ रहती हो या गलत नज़र गैरों पर उठाती हो कि फाहेशा बन जाये तो उस दवा से ख्वाहिश की आग बुझाऐ। और हया के पर्दे में छिपायें । इज़्ज़त की हिफाज़त करें, और करवायें, फिटकरी और बेरियां शुदा शर्बत मसरी से हर रोज़ पिलाया करें, फिर मुझ से मुलाकात करें, या खत व किताबत करें, मुसन्निफ़ किताब "तन्हाई के सबक"

हकीम मुफ्ती मोहम्मद अशरफ अमरोही

मुकीम हाल बेंगलौर 84– शहर फोन– 080–5489093

छाती और दूध से मुताअल्लिक कुछ मुफीद मालूमात

जब आदमी जवान होता है तो छातियों में गिरह सी पड़ जाती है मर्दों में हरारत की वजह पिघल जाती है ,औरतों में हरारत कम होने की वजह से और हैज़ की कसरत की वजह से उभर जाती है

और रोज़ बरोज़ उभार होता रहता है यहां तक कि बच्चों के रिज़्क का चश्मा बन जाती है।

एक छोटा सा लतीफा

किसी ने पूछा उस मे (पिस्तानों) में क्या है? तो जवाब देने वाले जवाब दिया गिज़ाए तफल (बच्चे) व शहूत का मज़ा।

बहारहाल दूध और मनीअ और खून ये तीनों सूरत में अलग अलग है मगर तीनों की पैदाईश का सबब एक है, इसलिए कि दूध और मनीअ की हकीकत मे खून है मगर अपनी अपनी जगह में सूरतें बदल जाती है इसलिए अगर किसी मस्तूरात का दूध कम हो जायें जिसकी वजह से बच्चे बखूबी परवरिश नही पाता तो उसकी वजह यही है कि बदन में खून कम है या औरत को अच्छी गिज़ा नही मिल रही है या हैज व निफास ज़्यादा मिकदार में जारी रहता है । या औरत हमेशा गम व परेशानी मे मुब्तला रहती है । इन तमाम असबाब को देख कर ईलाज करना और कराना चाहिये या उसी तरह किसी औरत के दूध ज़्यादा हो जाने से बाज को दूध खुद ब खुद बहने लगता है और दर्द भी होता है खास कर जब कि हैज़ रुका हुआ हो तो उन सूरतों में पहली सूरत के ब मुकाबिल आला ए असबाब होते है, मसलन खून की ज़्यादती या हैज़ व निफास का रुक जाना वगैरहा के असबाब पर गौर करके ईलाज किया जाता है।

हैज़ के मुताअल्लिक कुछ ज़रुरी मालूमात

जैसा कि मैंने ज़िक्र किया कि हैज़ के दिनों में मुबाशरत करना हर ऐतबार से इन्तहाई नुकसान दह है। शरीइत इस्लाम में हैज़ में मुबाशरत करने को हराम कहा है। ये हैज़ एक किस्म का पतला

बहने वाला खून होता है। हैज के खून में एक किस्म की बू होती है और दूसरे खूनों के मुकाबले में उसका वजन हलका होता है । हैज के खून का रंग किस कद्र लाल सुर्ख होता है और सफरावी मिजाज़ की औरतों का गाढ़ा और काला मायल होता है जब हैज पहली बार मर्तबा आता है तो चेहरा चांद की तरह चमकीला बदन सूडोल, आवाज सूरीली, चाल मे कशिश आ जाती है और पिस्तान बढ़ने लगते है।

हैज का खून आम तौर पर बारह साल की उम्र से आना शुरु होता है और पैंतालिस साल की उम्र तक आता रहता है और किसी किसी औरत को पचास पचपन साल की उम्र तक आता रहता है। जिन दिनों औरत के हैज़ का खून बाकायदा आता है उन दिनों के जमाने को उम्मीद का ज़माना कहते है। यानि उन दिनों में हम्ल ठहरने की उम्मीद होती है और जब हैज़ आना बन्द हो जाये तो उन दिनों को यास का ज़माना कहते है।

बाकायदा हैज आना ये औरत के लिए खुशकिस्मती की अलामत है और बाकायदा आना ये बदबख्ती की बीमारियों की आलमत है उन हैज़ के दिनों में मुबाशरत करने से सख्त परहैज करना चाहिये वरना मुबाशरत करने से औरत को भी मर्द को भी शदीद नुकसान होता है ,हालत हैज वाली औरत को हर किस्म की सर्दी से बचना जरुरी है । यहां तक कि ठण्डे पानी में हाथ मुंह धोना, बारिश में भीगना, गीले कपड़े बदन पर रहना, उससे आता हुआ हैज़ का खून बन्द हो जाता है। और बहुत सी बीमारियाँ के पैदा होने का सबब होता है इसी तरह हैज़ के दिनों में खाने पीने में भी ज़्याद ठण्डी अशयां इस्तेमाल न करें।

हैज़ के दिनों में ज़्यादा दौड़ धूप महनत करने, बोझ उठाने, से भी बचें, इसी तरह ज़्यादा गर्म चीज़े खाने से भी बचना चाहिये जैसे ज़्यादती चाय, कॉफी, वगैरह वगैरह।

एक आम गलत फहमी

बहुत से लोग ये समझते है और गलत समझते है कि ये हैज का खून बच्चे दानी में बच्चे की गिजा होता है। ये बात सही नही है क्योंकि ये गंदा मादा है तबियत इससे नफरत करती है, बदन उससे कराहियत करता है। ये ऐसा घिनौना बेकार फुजला किसी बच्चे की गिज़ा हो सकता है जबकि बच्चे का बदन भी लतीफ मिजाज़ और बच्चे भी मासूम और बनावट भी जईफ .. कहां ये गन्दा मादा देने वाला और कहां ये बच्चे की गिजा ?

एक सच फहमी

हम्ल ठहरने पर ये हैज़ का खून माहवारी का खून बाहर आना रुक जाता है और उसके रुक जाने में ये फायदा है कि उस फुजले की वजह से बच्चा फिसल कर बाहर आ जाता है। यही से समझ लेना चाहिये कि अगर ये हैज़ का खून बच्चे की गिज़ा होता है तो बच्चे की विलादत के वक्त ज्यादा मिक़दार में क्यों आता है?

जनीन को गिज़ा मिलती है मां के बेहतरीन खून से और उम्दा खून से और जो गिजा के काबिल नही हो तो वह खून, खून हैज बच्चे के पैदा होने के वक़्त निकल जाता है। जिसको निफास कहते है। यही से समझ लेना चाहिये कि हैज़ के खून की तीन किस्में है उसमें जो सबसे पाक फिल्टर किया हुआ होता है वह बच्चे की गिज़ा के काम आता है, 2– वह खून जो दूध बनने के लिए औरत की छातियों की तरफ चला जाता है 3– वह खून जो विलादत के वक्त तक बन्द रहता है और विलादत के बाद निकलता है जिसको निफास कहते है।

ख़ास ज़रुरी मसला याद रखें

हर उस औरत को जिस को हैज का खून आता न हो, हम्ल नही ठहर सकता, और ये हैज कम से कम तीन रोज ज्यादा से ज्यादा दस दिन तक आता है और निफास के ज्यादा से ज्यादा चालीस दिन में , कम की कोई तादाद नही है। बच्चे के पैदा होने के बाद जब ये खून रुक जाये चाहे एक दिन में या एक हफ्ते में या एक माह मे या चालीस रोज मे, जब आना बन्द हो, उसी दिन से गुसल करके नमाज पढना जरुरी है। हमारे हिन्दुस्तान में अकसर ईलाके मे मसतूरात उस मसले को बिल्कुल नही जानती और वह चालीस दिन के इंतजार मे रहती है और उन नापाकी के दिनो मे औरत न नमाज पढ सकती है और न रोजे रख सकती है और न ही मुबाशरत की जा सकती है। चूंकि ये किताब मसाइल की नही है उन तमाम मसाइल को उलेमा कराम से मालूम करें, और ऊपर जो मसले मैंने जिक्र किया है उस किताब को पढने और सुनने वाले हजरात अपनी ख्वातीन को बतायें और वह दूसरों की रहनुमाई करें।

और ये हैज व निफास के खून का आना बहुत ज़रुरी है अगर किसी औरत को न आयें उसको ईलाज के लिये हकीम व तबीब से रुजूअ होना चाहिये।

आला तनासुल के मुताअल्लिक़ कुछ ख़ास मालूमात

आला तनासुल के अज़ू तनासुल और आला मर्दी और कज़ैब व ज़िक्र भी कहते है। लेकिन हम आला तनासुल को इख्तयार करते है।

जैसा कि "पौशीदा राज़" किताब मे भी यही इस्तेमाल किया गया है ये आला तनुसल मर्द के एज़ाओ मे से एक अजू है उसको अजू मखसूस भी बोलते है , मर्द के बालिग होने के बाद उस की कुव्वत व इन्तशार का जहूर मुकम्मल होता है। आला तनासुल और उसके इन्तशार का फायदा ये है कि मनीअ रहम में पहुंचती है जिससे बच्चा पैदा हो और पैशाब को बाहर निकाले, इस आला तनासुल मे हड्डी नही होती लेकिन मिस्ल हड्डी के सख्त हो जाता है। इस आला तनासुल मे कुछ गोश्त पोस्त , पट्ठे, मोटी और बारीक रगे, होती है। इस आला तनासुल की जड़े इधर उधर दो रगे है। जो पेट की हड्डी से जमी हुई होती है। एक इंच तक ऊपर तक आई हुई है । जिस वक्त मर्द के दिल में औरत की ख्वाहिश पैदा होती है। तो बड़ी रगो की शाखों से जो पेट मे है उन मे खून आता है और उससे वह तमाम रगें चौड़ी हो जाती है और दोनो रगे पेट के पास की दोनों तरफ से आला तनासुल को खींचती है जिसकी वजह से वह सीधा तन कर खड़ा हो जाता है।

आला तनासुल से मुताअल्लिक मुफीद सबक़

इसांन की गलत आदतों की वजह से आला तनासुल पर सदमा पड़ता है जिसकी वजह से ये आला तनासुल से सिवाए पैशाब करने के कोई फायदा नही होता उस गलत कामों की वजह से आला तनासुल की कमियों व नुकसानात को दूर करने के लिये आला तनासुल पर दवाएं लगानी पड़ती है और उसी से मुताअल्लिक दवाएं खानी पड़ती है। खाने वाली दवाएं व गिजाए पेट के अन्दर की रगों को तन्दरुस्त करती है और लगाने की दवाएं बाहर ऊपर से सुस्त रगों को चुस्त और मुर्दा रगों को जिन्दगी बख्शती है। इसी वजह से

मुताबिक 7-6 उंगल है। किसी शख्स की ज़्यादा लम्बाई हुई नही करनी चाहिये, हां अगर 7-6 उंगल कम हो तो ईलाज कराना जरुरी है जिससे कि लम्बे और मोटे होते है और ऐसी दवाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है जिससे उसमें ज़्यादती हो, चूंकि इस बीमारी की तरफ आम तवज्जों है इसलिए थोड़ी सी तफसील जिक्र करता हूं, ताकि अच्छी तरह इत्मीनान हो जायें ,अगर वाकई ये शिकायत है तो जरुर उसका ईलाज करना चाहिये । बड़ी कामयाबी के साथ उसका ईलाज व हल मौजूद है। ज़रुरत पड़ने पर खिदमत ली जा सकती है– हकीम मुफ्ती मोहम्मद अशरफ अमरोही ।

और सुनों पढ़ों कि अल्लाह तआला ने जिस तरह जिस आदमी का बदन बनाया है वैसे ही उस के रग व पैठे व बदन के ऐज़ा बनायें है।

और उसी तरह आला तनासुल बनाया है कि अकसर आदमियों का आला तनासुल की लम्बाई 7-6 उंगल होनी चाहिये अगर औरत भी मामूली जिस्म की है या लम्बे कद की है तो ऐसे मर्द औरत के आपस में खूब अच्छी गुजरती है। और औलाद भी अच्छी पैदा होगी। और अगर मर्द तो है 7-6 उंगल की लम्बाई का और औरत भी खूब डील डौल की है तो आपस में हरगिज़ न बनेगी चाहे मर्द मुल्क का वज़ीरे आज़म ही क्यों न हो। और खूब औरत पर खर्च ही क्यों न करें।तब भी आपस में जोड़ न खाकर ही रहेगी और औलाद से भी महरुमी हो सकती है तो ऐसी औरत के शौहर को जरुर आला तनासुल के बढ़ाने का ईलाज करना चाहिये।जब मर्द ताकत दूर हो ऐसी ही औरत ताक़तवर और जस्से की हो तो उनका आपस में खूब अच्छी तरह गुजरान गुज़रेगा और ऐश से रहेंगे,और एक बात और याद रखें, जिस अजू का जो काम है उसको वही काम करने से

ताकत व कुव्वत मिलती है और छोड देने से लागरी व कमजोरी पैदा होती है। इसका मतलब खूब जाहिर है ये सबक है सबक समझने वालों के लिये।

एक समझने की बात मसले की साथ

जैसा कि हमने पीछे और पहले जिक्र किया है मनीअ के अलामतों को अब बताना ये है कि मनीअ के निकलने से गुस्ल फर्ज़ होता है ख्वाह मनीअ सोतें में ही निकले या जागते में, ख्वाह मनीअ खुद निकले या किसी वजह से थोड़ी ज्यादा, तमाम हालतों में गुस्ल करना फर्ज हो जाता है, चाहे वह मर्द हो या औरत।

इंसान के उस आला तनासुल से मनीअ के अलावा दो क़िस्म के पानी और निकलते है। वदी, यह भी एक किस्म का सफेद पानी होता है। अण्डे के सफेदी के शक्ल पर जो पैशाब के आगे या पीछे मिल जाता है। उससे गुस्ल फर्ज नही होता। मजी यह भी एक किस्म का पतला पानी होता है। जो मुबाशरत के ख्याल आने या औरत के करीब बैठकर या मुबाशरत का जिक्र होते वक्त आला तनासुल के मुंह पर निकल आता है। उस मजी के निकलने से भी गुस्ल फर्ज नही होता । बाकी तफसील मनीअ, वदी, मजी, की हकीम साहियान से मालूम करें, और उनके अहकाम उलेमा इकराम से मालूम करें।

ख़सियों से मुताअल्लिक़ कुछ इल्म

खसियों का तआरुफ हम अपनी किताब "पौशीदा राज़" में बयान कर चुके है , मुख्तसर साज कर उस किताब में भी करते है, ताकि मालूमात में इजाफा होकर उसकी हकीकत अच्छी तरह समझ में आ जायें, खिस्से जिनको फौते भी कहते है और बेजे भी बोलते है।

ये खिस्से हर हैवान व इंसान के होते है और ये माल गोदाम की हैसियत से होते है। उनका गोश्त सफेद होता है, उन दो थैलों के अन्दर बहुत सी रगें,औा पीछे झिल्ली से लिपटे हुए है तमाम बदन के एजाओं में सबसे ज्यादा नाजुक होते है। ज़रा सी चोट ये बर्दाश्त नही कर सकते, उनका गोश्त भी सफेद होता है। उस वजह से मनीअ भी यहा सफेद हो जाती है। जिस तरह औरत की छातियों में छातियों के असर से दूध सफेद होता है मनीअ खिस्सों में सफेद होकर जमा हो जाती है और मुबाशरत के वक्त निकलती है।

खिस्सों के बाल ज्यादा होना, मनीअ का जलन से निकलना मनीअ का रंग पीला होना, बड़े बड़े खिस्से का ठण्डा रहना और लटकते हुए होना कुव्वत मर्दानगी कम होने की अलामतें है।

अमसाक (रुकावट) पैदा करना

अमसाक के मुताअल्लिक लम्बा मज़मूनहम अपनी पहली किताब "पौशीदा राज़" में तहरीर कर चुके है, लेकिन चूंकि ये किताब अपनी नौइयत की एक नई किताब है और उसका अन्दाज़ ही निराला है और ये फजल रब्बे तआला है इसलिए हम इस किताब को भी इमसाक के मज़मून से महरुम नही करेंगे। आमतौर पर अमसाक तीन मिनट से सात मिनट तक पाया जाता है। हरकत के साथ सात मिनट से ज्यादा की रिर्पोट खबर अब तक लोगों से नही मिली।अगर चे इससे ज़्यादा भी हो सकता है। अल्लाह तआला ने शहूत की ताकत औरतों पर सरअत की वजह से मर्दो को तरजीह दी। लेकिन मर्दों की सरअत अनाज़िल का सबब बावजूद ज्यादा कवी होने के ये है कि सरअत मनीअ की कसरत की वजह से है। ये निसबत औरतों और मर्दो की मनीअ का नजूल कमर से होता है। मुसाफत करीब होने की वजह से जल्दी हरकत में आकर जल्दी मनीअ निकल जाती

है। मर्द का देर तक रुकाव नही होता। मनीअ क़रीब मक़ाम के होने की वजह से और ये बात ज़रूरी है कि जितनी शहूत व लज़्ज़त ज़्यादा होगी उसी क़द्र अनाजिल भी जल्दी होगा। और मिजाज की गर्मी भी अनाज़िल के जल्दी होने का सबब है कि मर्दो का मिजाज गर्म होता है और औरतों की मनीअ छातियों से निकल आकर आती है और ये मक़ाम दूर है। इस दूरी की वजह से देर से उनको मुबाशरत की ख्वाहिश होती है और औरतों में मनीअ भी कम पैदा होती है इसी वजह से देर से उनका अनाजिल होता है औरतों के मिजाज़ में सर्दी भी है। इसी वजह से देर में फारिग होती है। मिजाज़ में सर्दी होने की वजह से और मर्द का मिज़ाज़ गर्म होने की वजह से मर्द जल्दी फारिग होता है और उभार जोश भी जल्दी हो जाता है।

ये बात भी याद रखें कि औरत को मुबाशरत से एक ही मर्तबा अनाज़िल होता है और मर्द को एक ही रात में मुबाशरत से हर मर्तबा की मुबाशरत से अनाज़िल होता है, न कि औरत को कि हर मर्तबा की मुबाशरत से अनाजिल नही होता है और इसी वजह से औरत को मुबाशरत से कमज़ोरी कम होती है। और मर्दों की मनीअ ज्यादा निकलने और हर मर्तबा की मुबाशरत में अनाजिल होने की वजह से कमज़ोरी ज़्यादा होती है। बस यहीं से समझ लेना चाहिये । मर्द औरत के अनाज़िल का फर्क और ख्याल रखना चाहिये कि मर्द के अनाज़िल के साथ औरत को अनाज़िल हो जाने का।

जब तक औरत मर्द की मुश्ताक़ न हो और शौहर औरत का मुश्ताक़ न हो उस हालत की मुबाशरत करना अहतलाम होने से भी बुरा है। उसी वजह से औरत को पहले मिसास करे ताकि शहूत से मस्तहो जाये और बे नशे की मुमसाक़ अशया को इस्तेमाल किया जाये या आला तनासुल पर लगाने वाली दवाओं को इस्तेमाल करके

मुबाशरत करनी चाहिये ताकि मर्द औरत दोनों का एक साथ अनाज़िल हू और शौहरों को बीवियों की नजरों में हकीर व ज़लील होकर शर्मिन्दा न होना पड़ें, इसलिए ऐसी दवाओं की जरुरत जरुरी है जिससे कुछ इमसाक पैदा हो और उन अदावयात में अफयोन नशे लाने वाली चीज़ें न हों।

अमसाक कैसे पैदा होता है?

अमसाक यानि रुकावट मनीअ के गाढ़ा हो और ठण्डा होने पर होता है या मनीअ के खुश्क होने पर, अमसाक की मिसाल ऐसी है जैसे सर्दी के मौसम में पानी जम जाता है और खुश्क की मिसाल ऐसी है जैसे पतीली के नीचे ज़्यादा आग जलाने से शौरबा खुश्क हो जाता है। अगर किसी को इमसाक होता है तो उसको मजीद इमसाक की हिरस नही क़रनी चाहिये और जिनको इमसाक न होता हो उनको इमसाक की दवाऐं इस्तेमाल करनी चाहिये, इमसाक की कुछ खास व मखसूस दवाएं और अमसाक की खास मख़सूस तदबीरें हमारे पास है और उन तदबीरों में बड़ी ज़बरदस्त कामयाबी व कामरानी हे कि उन्हें न लगाने की जरुरत और न कुछ खाने की जरुरत और खूब अमसाक होता है। लेकिन उन दवाईयों के साथ, साथ तदबीरो को इख्तयार करने से पेट भर कर अमसाक किया जाता है। फायदा उठाने वाले जो कि यक़ीनी तौर पर शदीद जरुरत मंद है वह मुझ से मिलें या लिखें हमारा पता है–

Md. Ashraf

Off No. E Block B.D.A. Layout H.M. Road, Cross,Church Street.

Lingarajpuram, Banglore-560-084 Karnataka, India Phone. 080-5489093

औरत की ख्वाहिश कम करने के लिये

बाज औरतो की ख्वाहिश बहुत ज्यादा होती है कि शौहर के मिलने से उनकी ख्वाहिश की आग ठण्डी नही पडती और जोश की प्यास नही बुझती है, गैरों की तरफ भी उठती नजर आवें या उठती हो तो उनके लिये भी ऐसी दवाओं का इस्तेमाल करना चाहिये जैसे मर्द हजरात अमसाक पैदा करने की तरफ तवज्जो देते है।

और एक बात ये भी है कि मुवाशरत जो रगबत से की जाती है वह भूख के साथ हो, यानि मुवाशरत की भूख से । तो ऐसी मुवाशरत से जो औलाद पैदा होती है वह खूबसुरत और सीरत में तारीफ के लायक और अक्लमंद होती है। इसलिए शहूत के हिजान और लज्जत का हासिल करने और रगबत की ज्यादती की वजह से असल जोहर यानि मनीअ का निकल कर औरत की रहम मे जगह पकड लेती है।

और अगर नुतफा वगैर रगबत व ख्वाहिश के ठहरेगा तो औलाद बदसूरत और कमजोर दिमाग की और नालायक पैदा होती है और ऐसी हालत में मजकूरा में मनीअ भी बहुत खराब निकल जाती है इसलिए ऐसी दवाओं को इस्तेमाल न किया जाये अगर आला तनासुल छोटा भी हो तो उनके जरिये से औरत की रहम तक मनीअ पहुंच जाये और हम्ल ठहर जायें और लज्जत भी ज्यादा हो और औरत की ख्वाहिश जो ज्यादा है वह भी कम हो, किसी तजुर्बा कार हकीम से मशवरा व सलाह के लिये रजूअ होकर अपनी शिकायत दूर कर सकते है।

कुव्वत मर्दानगी को नुकसानदह चीजें

दो चीजें जो मर्दानगी को नुकसान देती है उन से बचना चाहिये

हम मुख्तसर करके जरा ज़रा उन चीजों की तरह रोशनी डालते है जैसे कि पेट की खराबी के वह हर गिज खराब न हो और हमेशा बहुत ज्यादा ठण्डा पानी न पिया करें और जो चीजें मनीअ को सुखाती और खुश्क करती है उनसे बचें, जैसे मसूर, देसी अजवेन, ज्यादा सफेद व कालाहर किस्म का खटटा, आमचूर, सिरका, लीमू, अचार, खटाई, यानि रखा हुआ सुर्ख मिर्च वगैरहा और ज्यादा नमक व नमकीन, खाने से भी बचें, अगर ज़्यादा दिल चाहे, तो काली मिर्च का इस्तेमाल करें, और सालनों में भी दही इस्तेमाल में लायें, इस्तबाल, गुलाब, के फूल, काफूर, और नशे पैदा करने वाली अशयासे परहेज करें, भंग, चरस, अफीन, ये नशा पैदा करने वाली चीजें गुर्दा मसाने वगैरह में रतूबत को जमा देती है। और होश व हवास में सुस्ताहट पैदा करके आला तनासुल के अन्दर वाहर वाले पट्ठों व रगों मे सुन व सर्दी पैदा कर देती है। जिससे रगों में सुस्ती व फालिज की बीमारी पैदा होती है और जब तक मुबाशरत करने की ताकत पैदा न हो जाये तो फअल मुबाशरत से रुका रहना चाहिये।

शराब नोशी मुज़रबाह है

शराब के लफ्ज़ी मायने है शर– आब : शर मायने फितना फसाद के मायने है पानी, शराब के मायने हुए फितने व फसाद का पानी– शराब के मुताअल्लिक कुछ लोगों का फासिद ख्याल है कि उससे कुव्वतबाह यानि मर्दानगी में इजाफा होता है, तो शराब हकीकतन कुव्वत मर्दानगी के लिये वक्ती तौर पर मुफीद मालूम होती है और जब नशा उतर जाता है तो अपने बुरे असरात से जकड़ती है। शरई एतबार से शराब हराम है इसका थोड़ा भी और ज्यादा भी हराम है बल्कि दवा के तौर पर जानवरों के ज़ख्म पर लगाना भी मना है। हदीस शरीफ में बड़ी सख्त वईदें आई हैं मरवी है कि शराबी का चेहरा कब्र में किब्ले से फेर दिया जाता है और शराब तमाम

